Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 02-03-2006

Participants : Bauri Ms. Susmita,Mishra Dr. Rajesh Kumar,Reddy Shri Mekapati Rajamohan,Rathod Shri Harisingh Nasaru,Gadhavi Shri Pushpdan Shambhudan,Naik Shri Shripad Yasso,Mohale Shri Punnulal,Rawat Prof. Rasa Singh,Reddy Shri Karunakara G.,Singh Shri Sitaram,Mallikarjunaiah Shri S.,Appadurai Shri M.,Thakkar Smt. Jayaben B.,Azmi Shri Iliyas,Thakkala Shri Madhusudhana Reddy,Maheshwari Smt. Kiran,Chitthan Shri N.S.V.,Senthil Dr. R,Chandanagouda Shri Gaddigoudar Parvatagouda,Pradhan Shri Dharmendra,Adsul Shri Anandrao Vithoba,Annayyagari Shri Sai Prathap,Mahato Shri Bir Sing,Veerendra Kumar Shri M. P.,Jagannath Dr. M.,Panda Shri Brahmananda,Dubey Shri Chandra Shekhar,Siddeswara Shri G.M.,Mahajan Smt. Sumitra,Ranjan Smt. Ranjeet,Ajnala Dr. Rattan Singh,Choudhary Shri Nikhil Kumar,Virendra Kumar Shri ,Chaure Shri Bapu Hari,Argal Shri Ashok,Singh Shri Rajiv Ranjan,Khan Shri Sunil,Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram,Ahir Shri Hansraj Gangaram,Khanna Shri Avinash Rai,Singh Shri Ganesh Prasad,Singh Shri Sugrib,Tirath Smt. Krishna,Mehta Shri Alok Kumar,Thummar Shri Virjibhai,Rai Shri Nakul Das,Wangyuh Shri W.,Sarvey Shri Sathyanarayana,Reddy Shri Anantha Venkatarami,Sharma Dr. Arvind,Jindal Shri Naveen,Singh Shri Rakesh,Sangwan Shri Kishan Singh,Pingale Shri Devidas Anandrao,Madhwaraj Smt. Manorama,Mandal Shri Sanat Kumar,Barman Shri Basudeb,Pandey Dr. Laxminarayan,Vijay Krishna Shri ,Gulshan Smt. Paramjit Kaur,Tripathi Shri Chandramani,Mistry Shri Madhusudan Devram,Panda Shri Prabodh,Baxla Shri Joachim,Narhire Smt. Kalpana Ramesh,Yadav Shri Mitrasen,Patasani Dr.(Prof.) Prasanna Kumar,Rana Shri Gurjeet Singh,Kanodia Shri Mahesh Kumar,Yadav Dr. Karan Singh,Chauhan Shri Nihal Chand,Ravichandran Shri A.,Varma Shri Ratilal Kalidas,Suklabaidya Shri Lalit Mohan,Chakraborty Shri Sujan,Ahir Shri Vikrambhai Arjanbhai Madam,Munshiram Shri ,Deo Shri Bikram Keshari,Yadav Shri Sita Ram,Y.S. Vivekananda Reddy Shri ,Shukla Smt. Karuna,C.S. Sujatha Smt. ,Oraon Shri Rameshwar,Krishnan Dr. C.,Kusmaria Dr. Ramkrishna,Singh Ch. Lal,Paul Dr. Sebastian,Mahtab Shri Bhartruhari,Satheedevi Smt. P.,Dangawas Shri Bhanwar Singh,Jena Shri Mohan,Athithan Shri Dhanuskodi,Saroj Shri Tufani,Chander Kumar Shri ,Singh Shri Dushyant,Shaheen Shri Abdul Rashid,Gao Shri Tapir,Tripathy Shri Braja Kishore,Singh Dr. Ram Lakhan,Mahato Shri Sunil Kumar,Pradhan Shri Ashok Kumar,Fanthome Shri Francis ,Manoj Dr. K.S.,Satpathy Shri Tathagata,Paswan Shri Virchandra,Khandelwal Shri Vijay Kumar,Singh Baba Shri K.C.,Paswan Shri Sukdeo,Moghe Shri Krishna Murari

an>

Title: Continuation of the combined discussion on Railway budget 2006-07 and Demands for Grants on Account Nos. 1 to 16 in respect of Budget (Railways) 2006-07.

सभापति महोदय : माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि जो भी माननीय सदस्य अपनी स्पीच ले करना चाहें, टेबल पर ले कर सकते हैं।

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : महोदय, नियम 377 के अधीन मामलों का क्या हुआ?

सभापति महोदय : उन्हें ले कर दिया गया है।

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) : महोदय, मैं रेलवे बजट पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूं। जैसा कि रेल मंत्री जी ने अपने बजट भााण के दसवें पन्ने में यह घोाणा की है कि वा 2006 मुस्कान का वा होगा। मंत्री जी ने जो स्टैप्स लिए हैं, उनके लिए मैं अपनी ओर से मंत्री जी को शुभकामनाएं देते हुए आशा करता हूं कि इन स्टैप्स को पूरा किया जाएगा, लेकिन रेल मंत्री जी ने हमारी मुस्कान छीन ली है। मैं चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र कटिहार की एवं पूर्णिया और सहरसा की मुस्कान जो छीन ली गई है, वह वापस मिलनी चाहिए।

महोदय, झारखण्ड के लिए टाटा लिंक ट्रैन चलती थी, 8181 अप और 8182 डाउन, जो हमसे छीन ली गई है। आज झारखण्ड के लिए इस क्षेत्र से कोई ट्रैन नहीं है। हम मांग करते हैं कि इसे रिस्टोर किया जाए। जो ट्रेन मुनाफा देने वाली थी, जिसकी सिटिंग हमेशा वेट लिस्टिड होती थी, उसे वापस क्यों लिया गया है? मैं आग्रह करता हूं कि इसे शीघ्र वापस लौटाया जाए। महानन्दा एक्सप्रैस एक हेरिटेज ट्रेन थी और उसकी लिंक ट्रेन एनजीपी तक थी। अब वह अलीपुर द्वार तक जाती है। मेरा आग्रह है कि महानन्दा एक्सप्रैस को आप अलीपुर द्वार तक ले जाएं, लेकिन उसका लिंक कटिहार में ही रहना चाहिए।

महोदय, हाजेबाजारे ट्रेन बंगाल की ओर लोगों को ले जाती थी, लेकिन अब उसकी हालत यह हो गई कि बरौनी से लेकर कटिहार तक उसमें पैसेंजर नहीं चढ़ते। इस कारण उससे जीरो रेवेन्यू जनरेट होता है। मैं आग्रह करता हूं कि हाजेबाजारे ट्रैन, जिसमें लोग कलकत्ता अपने काम से जाते थे और दिनभर काम करके वापस कटिहार आते थे, उस ट्रैन को फिर से पूर्ववत कटिहार से चलाया जाए।

महोदय, सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं तो उन्होंने दानापुर-कटिहार ब्राडगैज पर केपिटल एक्सप्रेस ट्रेन चलायी थी, लेकिन अब इस ट्रैन की स्थिति यह है कि एनजीपी तक उसका विस्तार कर दिया गया है, इस बजट में उसका विस्तार गुवाहाटी तक कर दिया गया है, जबकि गुवाहटी से कई ट्रेनें दूसरे क्षेत्रों के लिए जाती हैं। यह व्यावहारिक नहीं है। इस तरह के निर्णय लेने से उस क्षेत्र की जनता को परेशानी होगी।...(व्यवधान) अतः आग्रह है कि इस ट्रेन को दानापुर एवं एन.जी.पी. के बीच ही चलाया जाए अन्यथा कटिहार, पूर्णियां, अररिया के लोगों को काफी कट होगा।

सभापति महोदय : आप कल भी बोल चुके हैं।

श्री निखिल कुमार चौधरी : मैंने कल केवल शुरू ही किया था, मैं बोला नहीं था।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपके पांच मिनट हो गए हैं, इससे ज्यादा समय नहीं मिलेगा। आपकी पार्टी के 34 सदस्य बोलने बाकी हैं, आप जल्दी समाप्त कीजिए। आप अपनी स्पीच ले कर दीजिए।

श्री निखिल कुमार चौधरी : महोदय, मैं बाकी की स्पीच ले कर दूंगा। मैं केवल डिमान्ड रख रहा हूं, कोई भााण नहीं दे रहा हूं। मेरा आग्रह है कि कटिहार-मनिहारी का एक खण्ड मीटरगैज है, उसे भी ब्राडगैज में परिवर्तित किया जाए। मनिहारी एवं साहेबगंज के बीच झारखण्ड सरकार एक सड़क पुल बनवाने जा रही है। मेरा आग्रह है कि वहां पर एक रेलवे ब्रिज भी बनाया

जाए। इससे वहां के निवासियों को बड़ा लाभ होगा। अभी राधिकापुर से लेकर सियालदाह तक एक नयी ट्रैन चल रही है, जो नीतीश जी के ज़माने में आमान परिवर्तन का कार्य शुरू किया गया था। मेरा आग्रह है कि इस ट्रेन का हर जगह स्टापैज दिया VÉÉA[c6]।

कटिहार-गुवाहाटी और कटिहार-नई दिल्ली के बीच भी प्रस्तावित ट्रेन चलाने का मेरा आग्रह है। कटिहार में रेलवे की 110 एकड़ जमीन बैरन पड़ी हुई है। अगर उस पर रेलवे कोच रिपेयरिंग का कारखाना लगाया जाए तो बहुत बढ़िया होगा और लोगों को काम भी मिल सकेगा।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : निखिल कुमार जी, आप स्थान ग्रहण कीजिए। मेरे पास 70 माननीय सदस्यों की सूची है। मैं प्रत्येक माननीय सदस्य को पांच मिनट से ज्यादा समय नहीं दे पाऊंगा।

...(व्यवधान)

श्री निखिल कुमार चौधरी : सभापति महोदय, मैं रेलवे बजट के बारे में कह रहा हूं, किसी अलंकार में भााण नहीं कर रहा हूं।...(व्यवधान) मैं काम की बात कर रहा हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप चेयर के साथ कोआपरेट कीजिए।

श्री निखिल कुमार चौधरी : बारसोई में पीट लाइन के निर्माण के बारे में कहना चाहूंगा कि यह वहां होनी चाहिए। हमारे यहां एक ट्रेन है जो द्वारिका मेल कहलाती है। वह पटना होकर ओखा, गुजरात की ओर जाती है और साप्ताहिक ट्रेन है। अगर उस ट्रेन को वाया छपरा, बलिया गाजीपुर होकर सप्ताह में तीन दिन चलाने का प्रयास करेंगे तो उस क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।...(व्यवधान)

डिब्रूगढ़-अमृतसर 5933, 5934, जोधपुर-गुवाहाटी 5632, 5633, लोहित एक्सप्रैस 5651, 5652, जो गुवाहाटी से जम्मू तवी जाती है, अमरनाथ एक्सप्रैस 5633, 5654, ये ट्रेनें सप्ताह में एक दिन चलती हैं। मेरा आग्रह है कि इन ट्रेनों को कम से कम सप्ताह में तीन दिन चलाया जाए। दार्जिलिंग मेल पहले बारसोई में रुकती थी। वह गुवाहाटी से सियाहदाह तक जाती है। अब उस ट्रेन का ठहराव उठा लिया गया है। मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। मेरा आग्रह है कि दार्जिलिंग मेल का ठहराव बारसोई स्टेशन पर होना चाहिए। वह बहुत ही रिवैन्यू देने वाला स्टेशन है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप स्थान ग्रहण कीजिए। अब आपका भााण समाप्त किया जा रहा है। अब आपका समय चेयर से ही एनाउंस करना होगा, जो अच्छी बात नहीं है। मैंने पहले ही अनुरोध किया है कि आप कोआपरेट कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री निखिल कुमार चौधरी : मैं एक वाक्य कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

कटिहार से बारसोई होती हुई ट्रेन, जो राधिकापुर तक जाती है, उसे बड़ी लाईन में आमान परिवर्तन के बाद नई ट्रेन दी गयी है जिसे प्रियरंजन दासमुंशी जी के साथ लालू जी ने फ्लैग दिखाकर चालू किया है । लेकिन कटिहार-बारसोई और कटिहार-जोगबनी के आमान परिवर्तन के शो कार्य के लिए कोई एलोकेशन नहीं किया गया है, जबकि बजट में उसकी घोाणा

कर दी गई है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ...(व्यवधान) कटिहार-जोगबनी, जो नेपाल से सीमा लगती है, उसके आमान परिवर्तन के लिए पैसा एलोकेट किया जाए।...(व्यवधान)

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।...(व्यवधान)

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : महोदय, सदन में वा 2006-2007 के रेल बजट पर चर्चा चल रही है, जिसमें माननीय रेल मंत्री जी ने एक बहुत ही निराशाजनक बजट पेश किया है जिससे देश की जनता में निराशा हुई है ि वशो तौर पर हरियाणा और आस-पास के प्रदेशों में बड़ी जबरदस्त विरोध की प्रतिक्रिया है । अध्यक्ष महोदय, दिल्ली देश की राजधानी है और दिल्ली से लगभग 100 कि0मी0 दूर तक नेशनल कैपिटल रीजन घोाित किया गया है जो दिल्ली की बढ़ती आबादी और समस्याओं के दृटिगत बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र का विकास हो और दिल्ली की बढ़ती भीड़ का कुछ समाधान हो सके लेकिन इस बजट में नेशनल कैपिटल रीजन के उद्देश्य को भी ध्यान में रखकर कोई प्रावधान नहीं किया गया है । एन0 सी0 आर0 एरिया लगभग 50 प्रतिशत से अधिक एरिया हरियाणा का पड़ता है और दिल्ली में आने वाली लगभग 80 प्र ातिशत गाड़ियां हरियाणा की धरती से गुजरती है लेकिन हरियाणा की जनता को इसका इसका कोई विशो लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि यह लम्बी दूरी की गाड़ियां हैं और इनका कोई स्टोपेज हरियाणा में नहीं पड़ता इसलिए जनता की समस्याओं का कोई समाधान नहीं हो रहा और इसी कारण हरियाणा की इस एरिया से न कोई नई गाड़ियां ई एम यू , डी एन यू चलाई जा रही है क्योंकि ट्रैफिक भीड़ बहुत ज्यादा है । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस ओर विशो ध्यान दिया जाए और खास तौर पर सोनीपत की तरफ से आने वाली गाड़ियों की तरफ ध्यान दिया जाए । गन्नौर से प्रतिदिन 40 हजार दैनिक यात्री सोनीपत से लगभग एक लाख और रोहतक सेक्शन से 50 हजार से अधिक यात्री रोजाना दिल्ली में सफर करते हैं , कोई उनमें कर्मचारी है , कोई व्यापारी है , कोई विद्यार्थी है , कोई दूध व फल सब्जी बेचने वाले नागरिक है , उनको रोजाना बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है । अतः गन्नौर से नई दिल्ली तक और रोहतक से बहादुरगढ़ होते हुए नई दिल्ली तक इएमयू गाड़ी चलाई जाए ।

महोदय, एन डी ए की सरकार में पहली बार पिछले 30 वाँ से उपेक्षित हरियाणा के लिए दो नई रेलवे लाइन जींद, गोहाना, सोनीपत और रोहतक, झझर, रिवाड़ी सेंक्शन हुई थी जिसमें पिछले दो साल से लगभग 3 करोड़ रूपए दोनों प्र ाोजेक्टों के लिए स्वीकृत हुए थे जिनसे सर्वे का काम पूरा हो चुका है अब आगे लैड एक्वीजीशन और कन्ट्रक्शन का काम शुरू होना है जिससे इन दोनों रेल लाइन का बजट में अधिक प्रावधान किया जाए । जींद, गोहाना, सोनीपत के लिए इस बजट में मात्र 15.68 करोड़ रू0 का

---

*The speech was laid on the Table.

प्रावधान है तथा रोहतक, झझर , रिवाड़ी के लिए 15 करोड़ रू0 का प्रावध्रन है जो कि 198 करोड़ के कुल बजट का ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। इतने कम बजट से प्राजेक्ट बहुत विलम्बित हो जाएगा इसलिए इन दोनों प्रोजेक्टों के लिए अधिक प्रावधान किया जाए ।

चूंकि अब मैट्रो का जमाना आ गया है इसलिए दिल्ली से सोनीपत और दिल्ली से रोहतक मैट्रो लाइन से जोड़ने का प्रावधान किया जाए । दोनों शहर दिल्ली से सटे ्हुए हैं और अत्यधिक भीड़ इन्हीं रास्तों से आती है ।

इस बजट प्रस्ताव में हरियाणा के लिए न कोई नई ट्रेनें सेंक्शन हुई हैं और न ही कोई रेलवे लाइन सेंक्शन हुई है । दिल्ली से रोहतक का रूट ही केवल एक मात्र ऐसा रूट है जहां अभी तक इलैक्ट्रिफिकेशन नहीं हुई है । इस बजट में कोई रेलवे लाइन की डबलिंग मंजूर नहीं हुई । दिल्ली-सोनीपत सेक्शन पर पिछले कई वर्ाों से मैं लगातार सदन में चार लाइनें बनाने का अनुरोध करता रहा हूं लेकिन इस काम में भी अभी कोई प्रगति नहीं हुई ।

महोदय, पिछले बजट में माननीय मंत्री जी ने शहीदों के परिवारों के लिए यात्रा करने के लिए कुछ कनसेशन मंजूर किए थे और कुछ स्वतंत्रता सेनानियों के लिए। लेकिन इसमें भी अभी तक रेल मंत्रालय द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए है । देश में स्वतंत्रता सेनानी गिनती के ही रह गए हैं और वे भी बुजुर्ग हैं उनके परिवारों को और देश के लिए शहीद होने वाले सभी परिवारों को , चाहे वे मिलिट्री फोर्स के हों , चाहे पैरामिलिट्री फोर्स के हो , चाहे पुलिस के हों , शहीद तो शहीद है जो देश के लिए कुर्बान होता है उनके परिवारों को भी रेलवे में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलनी चाहिए । इसके साथ - साथ देश के पूर्व सैनिको को रेल में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाए ।

महोदय, यह आम तौर पर देखा गया है कि रेलगाड़ी में महिलाओं की सुरक्षा नहीं होती और बार-बार इस वििय पर मा0 सदस्यों ने रेल मंत्री का ध्यान आकर्ाित किया है कि महिलाओं को सुरक्षा और सुविधा प्रदान करने के लिए उचित कदम उठाए जाए और एक महिला फोर्स गठित करके रेलगाड़ियों में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों को रोका जाना चाहिए ।

इसके अलावा समस्यायें तो बहुत हैं लेकिन मैं हरियाणा प्रदेश की और अपने क्षेत्र की कुछ समस्यायें आपके समक्ष रखना चाहता हूं जिन्हें मैंने बार-बार हर रेल बजट में और पत्रों द्वारा सदन में उठाया है लेकिन रेल विभाग के कर्मचारियों का र वैया पोजिटव नहीं है , वह यह समस्या रूटीन मैटर समझ कर नजरअन्दाज कर देते हैं और जनता की समस्याओं और जनता के प्रतिनिधियों की मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता । अतः मैं आपके सम्मुख इन समस्याओं को रखता हूं और आशा करता हूं कि माननीय रेल मंत्री तुरन्त इस पर कार्यवाही करके इसका समाधान करेंगेः

गन्नौर से दिल्ली की तरफ जाने के लिए 10 बजे से लेकर 2 .45 बजे तक कोइ सवारी या अन्य गाड़ी नहीं है दोनों तरफ करीब पांच-पांच घंटे का बहुत लम्बा समय है । अतः इस दौरान एक सवारी गाड़ी अविलम्ब चलाई जाए ।

. 1 ईएनएस गाड़ी जो नई दिल्ली से चलकर सोनीपत तक आती है इस गाड़ी को पानीपत तक बढ़ाया जाए तथा झेलम एक्सप्रेस से पहले 8. 00 बजे से 8.10 बजे तक वापिस दिल्ली के लिए चलाई जाए जिससे झेलम एक्सप्रेस में दैनिक यात्रियों को प्रतिदिन होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल सके ।

4653 अप व 4654 डाउन 4659 अप व 4660 डाउन गाड़ियों का ठहराव किया जाए ।

जम्मू मेल गाड़ी 1994 से जम्मू जाते हुए रूकती है लेकिन आते समय नहीं रूकती अतः इस गाड़ी 4033 अप का ठहराव भी गन्नौर करवाया जाए ।

एच0एन0के0 , के0डी0एम0 तथा पी एन जी एम ई एम यू गाड़ियों में डिब्बे की संख्या बढ़ाकर 20 की जाए ।

गन्नौर व सोनीपत स्टेशन की अब लाईन की तरफ बुकिंग खिड़की खोली जाए ताकि एक खिड़की पर भीड़ होने की वजह से यात्रियों में धक्का मुक्की न हो ।

दिल्ली से डी0सू0 सेक्शन पर 303अप ट्रेन है उसको रिशिडूल्ड डिपार्चर 3 बजे किया जाए ताकि बैंकों के कर्मचारियों को सुविधा हो सके । सोनीपत से सुबह 7.30 बजे से 1.30 बजे तक न कोई गाड़ी आती है न जाती है वहां के लिए एक पैसेजंर ट्रेन की एडजेस्टमेंट की जाए ताकि दूसरे लोगों को भी सुविधा मिल सके ।

उच्चार एक्सप्रेस गाड़ी नं0 4517 का पुराना समय बहाल किया जाए ।

दिल्ली- अम्बाला सेक्शन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का स्टापेज सोनीपत व सब्जीमण्डी में किया जाए ।

2 ई एस डी , ई एम यू गाड़ी का समय 7.27 प्रातः की बजाए 8.40 किया जाए । दिल्ली-सोनीपत सेक्शन पर ई एम यू एंड एम ई एम यू की स्पीड 80 कि0मी0 प्रति घंटा बढ़ाई जाए ताकि और गाड़ियों के लिए आने-जाने के लिए रास्ता निकल सके ।

4095 गाड़ी को दिल्ली से सांय 5.30 बजे चलाया जाए ।

2925 / 2926 पश्चिम एक्सप्रेस में सुपरफास्ट चार्जिज समाप्त किए जाए ।

जींद, सफीदों , पानीपत सेक्शन पर पिछले 20.25 वर्ों से केवल दो ही पैसेजर गाड़ियां चलती हैं सुबह और शाम । दिन में गाड़ियों की कोई सुविधा नहीं है इसलिए दिन में एक और गाड़ी अप एंड डाउन जींद पानीपत सेक्शन पर चलाई जाए ।

एक नई गाड़ी गोहाना वाया रोहतक निजमुद्दीन तक चलाई जावे ताकि हजारों दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सके ।

रोहतक से दिल्ली आने वाली पैसेजर गाड़ियों का स्टोपेज रोहद गांव में किया जाए ।

जींद से दिल्ली आने वाली एक्सप्रेस गाड़ियों का स्टापेज जुलाना में नहीं है जुलाना एक तहसील है, हैडक्वार्टर है , पिछड़ा क्षेत्र है , लगभग 50 कि0मी0 वर्ग में फैला हुआ है , वहां भी स्टोपेज किया जाये

मैं पिछले कई वर्ों से गोहाना जींद रोड पर गोहाना में रोड ओवरब्रिज की मांग कर रहा हूं । इस ब्रिज की अति आ वश्यकता है । अतः इसे तुरन्त स्वीकार किया जाए। इसी प्रकार बहादुरगढ़ में लाइनपार पर एक रोड ओवरब्रिज की मांग करता आ रहा हूं लेकिन इसमें भी कोई प्रगति नहीं हुई है । सोनीपत शहर में तीन वा पहले जनता की सुविधा को देखते हुए एक रोड ओवरब्रिज स्वीकृत हुआ था लेकिन न मालूम किन कारणों से उसे रोक दिया गया है । अतः उस पुल पर भी तुरन्त कार्य वाही की जाए ।

अतः में मैं मा0 रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि हरियाणा प्रदेश की और मेरे क्षेत्र सोनीपत की इन समस्याओं पर तुरन्त ध्यान दें और उचित बजट उपलब्ध कराकर इन समस्याओं का समाधान करें ।

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): मैं माननीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद जी द्वारा प्रस्तुत रेल बजट पर असहमति व्यक्त करते हुये अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ । लालू जी द्वारा प्रस्तुत बजट पूर्णतया राजनीति से प्रेरित है, उसमें सर्वाधिक ध्यान उनके अपने खुद के राज्य बिहार की ओर दिया गया है । इसके अतिरिक्त यू.पी.ए. के घटक दलों और समर्थकों के राज्यों तमिलनाडु, केरल, महाराट्र, बंगाल और उत्तर प्रदेश आदि की ओर ध्यान दिया गया है । इस पक्षपातपूर्ण प्रवृत्ति के कारण देश में रेलों के ि वकास और विस्तार में असंतुलन की स्थिति पैदा होने की आशंका है । दूसरी ओर क्षेत्रफल की दृटि से देश के सब से बड़े और

पिछड़े राज्य राजस्थान तथा भा.ज.पा. शासित राज्यों अथवा विपक्ष शासित राज्यों में रेलों के विस्तार, विकास तथा आमान परि वर्तन के प्रति घोर उपेक्षा एवं उदासीनता बरती गई है ।

मान्यवर, यद्यपि रेल भाड़े तथा मालभाड़े को युक्तिसंगत बनाने की घोाणा तथा इनमें किसी प्रकार की वृद्धि नहीं करने से रेल मंत्री जी की घोाणा का स्वागत है परन्तु कोरे लोक लुभावन बजट से रेलों की आधारभूत अवसंरचनाओं का ि वकास किस प्रकार हो सकेगा ।

'मुसाफिर होगा रेल का राजा' कहा तो गया है परन्तु उन मुसाफिरों की सुखद, सुरक्षित, संरक्षित यात्रा के लिये कोई विशो प्रयास नहीं दिखाई देते । हवाई जहाजों की कम्पनियों में होड़ होने के कारण होने वाली किरायों की कमी के संदर्भ में रेलवे भी ए.सी. आदि का भाड़ा नहीं बढ़ाने को मजबूर है परन्तु गरीब रथ आदि के नाम पर वातानुकूलित गाड़ियां चलाकर गरीबों का उपहास किया गया है । गरीबों के पास इतना पैसा कहां कि वे सामान्य यात्री डिब्बों की अपेक्षा आरक्षित वातानुकूलित डिब्बों में सफर कर सकें।

महोदय, लालू जी ने अपने बजट भााण में 55 नई रेल गाड़ियां, 37 गाड़ियों का मार्ग विस्तार तथा 12 ट्रेनों के फेरे बढ़ाने की घोाणा तो की है परन्तु इनमें से कुछ तो ''आमान परिवर्तन के बाद'' चालू करने की बात कही है, कुछ गाड़ियों के बारे में स्थिति स्पट नहीं है यथा अभी बरेली-भुज के बीच चलने वाली ''आला हजरत'' जो सप्ताह में चार दिन चलती है उसी गाड़ी को ''भुज-बरेली'' के नाम से सप्ताह में तीन दिन किया गया है अथवा इससे अलगi इसी प्रकार यशवन्तपुर-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस अभी नई एक और गाड़ी चलेगी या अजमेर-बंगलूर के बीच चलने वाली गाड़ी का ही नाम बदला गया हैi यह भी स्पट नहीं है ।

---

*The speech was laid on the Table.

महोदय, रेल मंत्री जी ने 190 लोकप्रिय ट्रेनों में ज्यादा कोच लगाने तथा चार ट्रेनों में विश्वस्तरीय सुविधाएं देने का एलान किया जो स्वागत योग्य है परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि लम्बी दूरी की एक्सप्रेस गाड़ियों में सामान्य यात्रियों के लिये विशोतः ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों के लिये साधारण डिब्बे ज्यादा जोड़े जाएं क्योंकि वे आरक्षण प्रणाली से भी अनभिज्ञ हैं ।

महोदय, रेलों में लूटमार, डकैती, छीना-झपटी आदि की घटनाओं में निरन्तर वृद्धि का होना चिन्ताजनक है । जी.आर.पी. एवं आर.पी.एफ. को और भी अधिक मुस्तैद किये जाने की आवश्यकता है । डिब्बों के रख-रखाव, सफाई की समुचित व्यवस्था, प्लेटफार्मों पर पीने के पानी की व्यवस्था, यात्रियों के ठहरने, प्लेटफार्म तथा प्रतीक्षालय में बैठने की व्यवस्था, डिब्बों के मेन्टीनेन्स, सफाई, धुलाई आदि की ओर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है ।

महोदय, रेलों में बिना टिकट यात्रा करने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है । इसकी रोकथाम हेतु सख्ती आवश्यक है । रैलियों, सम्मेलनों, जलूसों आदि के नाम ''लालू जी की रेल'' है का दुरूपयोग होकर बिना टिकट यात्रा की जाती है ।

मान्यवर, भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की घोाणा अपर्याप्त है । लालू जी ने यह भी घोाणा की है कि रेलवे के कामकाज में हरेक क्षेत्र में तकनीकी संवर्धन को सर्वोच्च वरीयता दी जाएगी ताकि सेवाओं की विश्वसनीयता बढ़ाई जा सके और परिचालन खर्चे में कमी लाई जा सके परन्तु इन सबके लिए पैसा कहां से आयेगा इस बात की कोई व्यवस्था नहीं है ।

सारे देश में समान आमान व्यवस्था (यूनीगेज सिस्टम) बनाने, कई पूर्व घोाित राट्रीय रेल परियोजनाओं को पूरा करने, आमान परिवर्तन का कार्य निर्धारित समय में पूरा करने, आदि के लिये धन कहां से आयेगा इसकी बजट में स्पट घोाणा नहीं है परिणामस्वरूप ''आधा तीतर आधा बटेर'' वाली स्थिति ही बनी रहेगी । राजनैतिक दबावों से घोाणा की जाती रहेगी । अलग-अलग राजनैतिक गठबंधनों की प्राथमिकताएं भी बदलती रहेंगी, राट्र पिछड़ता रहेगा । अतः दलीय सोच से ऊपर उठकर राट्र हित को सर्वोच्च प्रमुखता दिये जाने की आवश्यकता है । योजनाएं लम्बित रहने से लागत व्यय में भी निरन्तर वृद्धि होती चली जाती है ।

महोदय, लालू जी ने प्रत्यक्ष रूप से तो यात्री किराये में वृद्धि नहीं की है लेकिन बड़ी चालाकी से लोगों की जेब से कुछ ज्यादा पैसे ऐंठने का इन्तजाम कर दिया है यानी ''सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी'' । एकमुश्त 200 ट्रेनों में सफर मंहगा हो जायेगा क्योंकि यात्रियों को टिकट पर सुपरफास्ट सरचार्ज तो देना ही होगा जो आम यात्रियों के लिये 20/- रूपये प्रति टिकट महंगा होगा। इससे थोक में आय का इन्तजाम कर लिया है । इन ट्रेनों की स्पीड कितनी बढेगी यह तो स्पट नहीं है लेकिन यात्रा महंगी होना जेब पर भारी पड़ेगा ।

महोदय, ऐसा प्रतीत होता है कि रेलवे धीरे-धीरे निजीकरण की ओर अग्रसर हो रही है । बजट प्रस्तावों में समृद्ध तबकों को रियायत एवं सुविधाएं देने की घोाणा जनविरोधी एवं बेरोजगारी बढ़ाने वाली है । ऐसा भी ज्ञात होता है कि मानों तीसरा बजट प्रस्तुत करते हुए लालू जी का व्यक्तित्व ही बदला हुआ है । पिछले दो बजटों में लालू जी कुल्हड़, मटकों और खादी पर जोर देते थे पर अब वे बिहार में चुनाव हारने के बाद रेलवे स्टेशनों पर शीतल पेय के लिये वेंडर मशीन, साइबर कैफे, ए.टी.एम. लगाने पर जोर दे रहें हैं । बिहार का रेल बजट पर इतना अधिक रंग चढ़ गया है कि यह रेल का भारतीय बजट नहीं लालू रेल का बजट है ।

रेलवे ट्रेक का नवीनीकरण होना आवश्यक है । भारत के करीब 50,000 कि.मी. रेल उन्नीसवीं शताब्दी के हैं और करीब 12000 किलोमीटर के रेलमार्ग की तत्काल नवीनीकरण की आवश्यकता है । इससे रेल सुरक्षा की स्थिति अत्यन्त भया वह है । इस बात का अंदाज इसी तथ्य से लग सकता है कि 2005 में मुंबई की लोकन ट्रेनों में ही करीब 4000 लोग फिसलकर या टकराकर मर गये । डिब्बों की हालत खराब है । करीब 35000 कोचों और रेल के डिब्बों को रिटायर किये जाने की जरूरत है । पर ये सारे प्रयास राजनैतिक लाभांश नहीं देते । सुरक्षा प्रयासों में निवेश पूरे भारत की रेल के लिये होते हैं । बेहतर होता एयरकंडीशन्ड के थोड़ा भाड़ा बढ़ाकर ज्यादा सुरक्षा की गारंटी दी गयी होती ।

महोदय, जब तक रेलों को शुद्ध आर्थिक नियमों के आधार पर नहीं चलाया जाता है और उनके सुरक्षित संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती तब तक भारतीय रेल विश्वस्तरीय नहीं बन सकती । पता नहीं भारतीय रेल इस अ वधारणा से कब मुक्त होगी कि उसकी एक बड़ी जिम्मेदारी समाज कल्याण की भी है । देखना यह भी है कि रेल मंत्री द्वारा बढ़-चढ़ कर की गई घोाणाओं पर समय रहते अमल हो पाता है या नहीं क्योंकि अन्य विभागों की भांति रेलवे की परियोजनाओं का भी विलंबित हो जाना सामान्य बात है । रेल मंत्री द्वारा घोाित परियोजनाओं की महत्ता होते हुए भी क्या यह सही नहीं कि इन परियोजनाओं को शुरू करने में भारत काफी पिछड़ गया है । यही कारण है कि रेलों के जरिये देश की तकदीर को नहीं बदला जा सका ।

महोदय, यह अब भी चिन्ता का विाय है कि भविय की जरूरतों और चुनौतियों को देखते हुए आवश्यक बुनियादी सुधार करने में एक बार फिर बच गयाi काश चीन की सफलता से कुछ सबक लिया जाता । हमारे यहां चीन की तुलना में रेलों का आधुनिकीकरण मंथर गति से हो रहा है। कुल मिलाकर यह बजट पुरानी पटरियों पर नई रेल चलाने की कहानी ही अधिक कह रहा है । प्रतिदिन लगभग 1.4 करोड़ लोग रेल में सफर करते हैं पर उनकी यात्रा सरक्षित और सुखद बनाने के पुख्ता इंतजाम करने पर भी जोर नहीं दिया गया है । पिछले कुछ सालों में छोटी बड़ी रेल दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती गई हैं और हालात में सुधार के लिये हर बार कड़े कदम उठाने के आश्वासन दिये गये । 17000 करोड़ रूपये का सुरक्षा कोा भी बना । ि वभिन्न योजनाओं पर उसे खच भी किया जा रहा होगा लेकिन हकीकत में इसके नतीजे नहीं दिखाई देते । आधुनिक निगरानी यंत्रों, नए ट्रेक बिछाने, सिगनल प्रणाली में सुधार, डिब्बों में नई तकनीक अपनाने आदि के जरिये मुस्तैदी से प्रयास किये जाएं तो अपेक्षित सफलता हासिल हो सकती है । इन चीजों के लिए भारी निवेश के साथ-साथ व्यवहारिक योजनाएं बनाना और उन्हें पर्याप्त कुशलता के साथ समय पर पूरा करना जरूरी है । इससे यात्रा सुरक्षा और रेलवे की क्षमता दोनों को लाभ मिलेगा ।

महोदय, यह सही है कि बजट में रेलवे की क्षमता बढ़ाने तथा ढांचागत विस्तार के लिए कुछ नहीं कहा गया है । रेलवे का माल ढुलाई का हिस्सा अपेक्षित अनुपात में नहीं बढ़ रहा है इसके अभाव में रेलवे की सेहत कैसे सुधरेगी ।

महोदय, रेलवे बजट के संदर्भ में, मैं राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा जी के कथन को उद्धृत करना चाहूंगा ''बजट से राजस्थान के विकास कार्यक्रमों पर विपरीत असर पड़ेगा, रेल मंत्री ने नई परियोजनाओं व आमान परिवर्तन के लिये नये प्रस्तावों की घोाणा नहीं कर प्रदेश की उपेक्षा की है । कुछ रेल सेवाओं के विस्तार से प्रदेश को विशो लाभ नहीं होने वाला है । प्रदेश के राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक, वाणिज्यिक संगठनों ने काफी आशाएं लगा रखी थी लेकिन रेल बजट में सभी को निराश किया है । जनभावनाओं की अनदेखी की है ।'' पर्यटन की दृटि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण राजस्थान की उपेक्षा की है ।

मान्यवर, मैं रेल मंत्री जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंनें इस बार ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह गरीब नवाज का रेलवे बजट में स्मरण करते हुए अजमेर को तीन गरीब नवाज एक्सप्रेस ट्रेनों (रांची-अजमेर,किशनगंज-अजमेर,यशवन्तपुर-अजमेर) जो सप्ताह में एक बार चलेंगी, का तौहफा दिया है तथा आमान परिवर्तन के बाद अजमेर-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस चलाने का वायदा किया है। अहमदाबाद-दिल्ली मेल को हरिद्वार तक बढ़ाकर हजारों तीर्थ यात्रियों को नई सौगात दी है तथा भुज-बरेली एक्सप्रेस नई गाड़ी सप्ताह में 3 दिन चलेगी। रेल बजट में राजस्थान की आशा पूरी नहीं हुई है। बजट में राजस्थान को 6 नई रेलगाड़ियां मिली है लेकिन आमान परिवर्तन, दोहरीकरण व बांसवाड़ा टौंक को रेल से जोड़ने शेखावटी को ब्रोडगेज आमान परिवर्तन से जोड़ने जैसी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के इस साल लाभ कमाने को देखते हुए राजस्थान जयपुर, उदयपुर के अलावा मुम्बई, कलकत्ता, गौहाटी बैंगलूर, लखनऊ व आगरा के लिये अतिरिक्त गाड़ियां एवं नये रेलवे मार्ग स्वीकृत होने की उम्मीद थी। शेखावटी को बड़ी लाइन से जोड़ने और टौंक-बांसवाड़ा को रेल मार्ग पर लेने के लिए बड़ी योजनाओं की भी उम्मीद थी पर रेल बजट में राज्य की यह आस पूरी नहीं हुई। गाड़ियों के विस्तार में राजस्थान के हिस्से में 11 ट्रेनें आई हैं। अजमेर-उदयपुर और अजमेर-चित्तौड़गढ़ का आमान परिवर्तन भी इस साल में किया जायेगा। अजमेर-पुकर तथा दौसा-गंगापुर सीटी के लिए नई रेल लाइनें बिछाने में बहुत कम धनराशि आबंटित की गई है।

मान्यवर, अजमेर राजस्थान की ह्रदयस्थली है तथा शिक्षा, पर्यटन, पुरातत्व, धार्मिकता एवं ऐतिहासिकता की दृटि से अजमेर का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। अतः अजमेर के संदर्भ में निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव हैं जिनको क्रियान्वित करना आ वश्यक है:-

अजमेर रेलवे स्टेशन पर आधारभूत अवसंरचनाओं का अभाव है परिणास्वरूप कई गाड़ियों को अजमेर तक लाने अथवा अजमेर से रवानगी करने में अड़चनें उपस्थित होती हैं। अतः अजमेर तथा पुकर की महत्ता को देखते हुए अजमेर रेलवे स्टेशन पर सभी आवश्यक रेलों की धुलाई, सफाई, ठहराव, घुमाई, इंजनों/डिब्बों की मेन्टीनेन्स आदि की सुविधाएं हेतु स्टेशन का विस्तार तोपदड़ा एवं पालबीचला की ओर रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर किया जाना चाहिये। मदार तथा दौराई रेलवे स्टेशनों के पास भी बहुत खाली पड़ी जगह है जहां समस्त सुविधाओं, अवसरंचनाओं से युक्त स्टेशन का निर्माण किया जा सकता है।

अब जबकि एक तरफ अजमेर-मदार से पुकर नई रेलवे लाइन का निर्माण तथा दूसरी अजमेर-चित्तौड़ मीटर गेज लाइन का ब्रोडगेज में आमान परिवर्तन हो रहा है तब साथ ही साथ इन सब भविय की संभावनाओं को दृटिगत रखते हुए रेलवे स्टेशन की अवसंरचनात्मक सुविधाएं बढ़ाना आवश्यक है।

अजमेर-पुकर पूर्व में कई वर्ों पूर्व स्वीकृत नई रेलवे लाइन का निर्माण कार्य अविलम्ब पूरा करवाया जाए इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाया जाना आवश्यक है। पुकर हिन्दुओं का बहुत बड़ा तीर्थ है जहां लाखों लोग देश के कोने-कोने से आते हैं।

इस रेलवे लाइन को मेड़ता तक बढ़ाना भी आवश्यक है ताकि पश्चिमी राजस्थान तथा बीकानेर से अजमेर का सीधा जुड़ाव हो सके। पश्चिमी राजस्थान के सर्वागीण विकास के लिये पुकर-मेड़ता-जैतारण-ब्यावर को भी जोड़ना आवश्यक है।

अजमेर-भीलवाड़ा-चित्तौड़ आमान परिवर्तन तथा नीमच-रतलाम आमान परिवर्तन 2007 तक पूरा किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके लिए रेल मंत्री बधाई के पात्र हैं पर इस हेतु तत्काल अधिक धनराशि स्वीकृत किये जाने की जरूरत है। इससे अजमेर-उदयपुर तथा अजमेर-रतलाम फिर अजमेर-कोटा सीधे ही जुड़ सकेगें।

बांदीकुई-आगराफोर्ट आमान परिवर्तन हो जाने के बाद अजमेर का आगरा से जुड़ना अति आवश्यक है। खेद है कि जयपुर-आगरा-ग्वालियर इण्टर सीटी की भारी मांग के बावजूद भी अजमेर तक विस्तार नहीं किया गया। मुगलकाल से ही अजमेर एवं आगरा दोनों ऐतिहासिक नगर रहे हैं जिनका गहरा सम्बन्ध था। पूर्व में मीटर गेज पर आगरा फोर्ट-अहमदाबाद वाया जयपुर-अजमेर-मारवड़ चलती थी वह गाड़ी बहुत लोकप्रिय थी, परन्तु ब्रोडगेज के परिवर्तन के बाद उसे बन्द कर दिया गया जिसे चालू करना अत्यन्त आवश्यक है तथा जो आर्थिक दृटि से रेलवे के लिये बहुत उपयोगी रहेगी। अतः आगरा फोर्ट-अहमदाबाद वाया जयपुर-अजमेर-मारवाड़ गाड़ी चलाई जाए।

जिस प्रकार से अहमदाबाद-दिल्ली मेल को हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है उसी प्रकार पूजा एक्सप्रेस जम्मूतवी से जयपुर तक चलती है उसे अजमेर तक बढ़ाया जाना अत्यंत आवश्यक है ताकि अजमेर-पुकर सीधा जम्मू वैणो देवी तीर्थों,

पंजाब-हरियाणा से जुड़ सके । अजमेर की दरगाह शरीफ तथा पुकर में जम्मू कश्मीर के लोग बहुत बड़ी संख्या में आते हैं । अतः जम्मूतवी-जयपुर पूजा एक्सप्रेस को अजमेर तक चलाया जाय । वर्तमान में यह गाड़ी कई घंटे जयपुर में ही पड़ी रहती है । कोई नये रैक आदि की आवश्यकता नहीं रहेगी ।

नई घोाित जयपुर-अमृतसर को भी अजमेर तक बढ़ाया जाये जिससे राधास्वामियों तथा पंजाबी समुदाय को अमृतसर तक जाने आने में सुविधा उपलब्ध हो सके । अजमेर-पुकर में दशमेश गुरू गोविन्दसिंह जी का आगमन हुआ था । पुकर में गुरूद्वारा भी बना है । अजमेर में राधास्वामी के अनुयाइयों की बहुत भारी संख्या है उन्हें व्यास आना जाना पड़ता है । यह गाड़ी भी अजमेर तक बढ़ाये जाने पर पर्याप्त लाभ में चलेगी ।

अजमेर को जिस प्रकार विगत कुछ वार्ों में कलकत्ता, पटना, मुजफ्फरपुर आदि से जोड़ा गया है उसी प्रकार अजमेर की महत्ता को दृटिगत रखते हुए उसे ब्रोडगेज द्वारा हैदराबाद, चेन्नई, एर्नाकुलम, बैंगलूर, तिरूपति, तिरूवन्तपुरम आदि दक्षिण भारतीय महत्वपूर्ण नगरों से जोड़ा जाना आवश्यक है । इससे महत्वपूर्ण आवक-जावक बढ़ेगी ये सभी गाडियां वाया अहमदाबाद-पालनपुर-मारवाड़-ब्यावर होकर अजमेर आनी चाहिए जिससे दक्षिण भारत में व्यापार तथा व्यवसाय में लगे हुए लाखों प्रवासी राजस्थानियों को भी आने जाने की सुविधा मिल सकेगी तथा दरगाह शरीफ एवं पुकर तीर्थाटन आने वाले लाखों यात्रियों को भी सकून मिलेगा ।

आश्रम एक्सप्रेस (सुपरफास्ट) दिल्ली अहमदाबाद को 2-2 मिनट का औद्योगिक दृटि से महत्वपूर्ण नगरों किशनगढ़ तथा ब्यावर में ठहराव दिया जाना अत्यंत आवश्यक है । बहुत समय से यह मांग की जाती रही है । इससे रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी ।

अजमेर लखनऊ, अजमेर-प्रयाग, अजमेर-चेन्नई, अजमेर-द्वारका, अजमेर-इन्दौर-भोपाल, अजमेर-रायपुर, अजमेर-वाराणसी तथा अजमेर-गौहाटी नई गाड़ियां चलाई जानी चाहिए ।

मरूधर एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन जोधपुर से वाया मारवाड़-ब्यावर-अजमेर चलाया जाना चाहिए जिससे अजमेर उत्तर प्रदेश से सीधा जुड़ सकेगा ।

जयपुर आने वाली केरल, चेन्नई की गाड़ियों को यदि अजमेर तक बढ़ा दिया जाय तो अधिक फायदेमन्द रहेगा ।

अजमेर-चेन्नई तथा अजमेर-मुम्बई होली-डे-एक्सप्रेस में यात्रियों की बहुत भीड़ रहती है अतः इन गाड़ियों को नियमित किया जाय ।

दिल्ली अहमदाबाद मेन लाइन का पूरा दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण किया जाना आवश्यक है ।

रेवाड़ी-रींगस-फलेरा का आमान परिवर्तन भी युद्ध स्तर पर होना आवश्यक है जिससे दिल्ली अजमेर के मध्य एक और विकल्प उपलब्ध हो सके ।

अजमेर-कोटा, अजमेर-बीकानेर तथा अजमेर-बाड़मेर रेलवे सम्पर्क भी जोड़ना आवश्यक है ।

भारत और पाकिस्तान में विगत दिनों शान्ति एवं सौहार्द्र का प्रतीक अमन गाड़ी मुनाबाव-खोखरापार के बीच चलने वाली "थार एक्सप्रेस " को अजमेर तक बढ़ाया जाय जिससे पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त के हजारों जायरीन अजमेर की ख्वाजा साहब की दरगाह में दर्शनार्थ आ-जा सकेंगें तथा अजमेर से भी सिन्धी समुदाय के हजारों व्यक्तियों का झूलेलाल जी की जन्मस्थली सिन्ध में जाना सुगम हो सकेगा । हालांकि, इस हेतु देश की सुरक्षा की दृटि से एहतियात बरतना अत्यावश्यक है ।

अजमेर-खण्डवा-पूर्णा-काचीगुड़ा (हैदराबाद) मार्ग का आमान परिवर्तन अत्यावश्यक है जिससे हैदराबाद-अजमेर से सीधा ब्रोडगेज द्वारा जुड़ सके ।

अजमेर के लोको एवं कैरीज कारखानों की उत्पादन क्षमता का पूरा-पूरा लाभ लेने के लिये इन्हें अधिक काम दिया जाय तथा इनका विस्तार किया जाय । अजमेर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार ये लोको एवं कैरीज कारखाने ही हैं । कारखानों में लगी नई भर्ती पर रोक भी तुरन्त हटाकर आवश्यकतानुसार नये स्थानों की पूर्ति की जाये ।

अजमेर डी0आरर0एम0 आफिस 100 साल से अधिक पुराना ऐतिहासिक भवन है अतः इसे हैरिटेज विरासत घोाित किया जाये ।

उत्तर पश्चिम रेलवे जोन का लेखा मुख्यालय अजमेर को ही रखा जाये ।

पश्चिम रेलवे के अजमेर स्थित लेखा मुख्यालय को पूर्ववत अजमेर में ही काम करने दिया जाये । यहां के सभी रेल कर्मियों को उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में ही समायोजित किया जाये ।

अजमेर रेलवे चिकित्सालय का स्तर बढ़ाया जाये तथा आधुनिकतम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाये ।

अजमेर रेलवे नगरी के नाम से विख्यात है । अतः इसकी रेलवे की दृटियों से गरिमा बनाई रखी जाये।

रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला यात्री विश्रामगृह बनवाया जाये ताकि उर्स एवं पुकर मेले के अवसर पर यात्रियों को ठहराया जा सके । रेलवे की आय में वृद्वि भी हो सके ।

अजमेर स्थित लोको एवं कैरीज स्पोर्टस ग्राउन्ड को धन लगाकर आधुनिकतम खेल सुविधाओं से सज्जित कर अखिल भारतीय क्रीडा प्रतियोगिताओं के अनुकूल विकसित किया जाये ।

बेकार पड़े स्क्रेप तथा कबाड़ को नीलाम कर रेलवे की आय में वृद्वि की जाय एवं रेलवे की जमीन/सम्पत्ति पर अतिक्रमण रोके जाये ।

तोपदड़ा, अजमेर, जौन्सगंज अजमेर ,नाका मदार अजमेर, परबतपुरा, बाइपास रेलवे क्रासिंग तथा बयावर कृणा मील मार्ग तथा किशनगढ़ रूपनगढ रोड़ रेलवे क्रासिंग एवं विजय नगर क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाये जाने अत्यंत आ वश्यक हैं ।

किशनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, विजयनगर, बांदनवाड़ा, मांगलियावास आदि स्टेशनों का समुचित विकास विस्तार तथा सुविधायुक्त किया जाना आवश्यक है ।

रेलवे बीसीट संस्था (अजमेर में) की सुव्यवस्था एवं विकास की आवश्यकता को पूरा किया जाये ।

नसीराबाद एक महत्वपूर्ण सैनिक छावनी है, अतः यहां जवानों और अधिकारियों के लिये कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण प्र णाली स्थापित की जाये । ब्यावर और किशनगढ़ की आरक्षण प्रणाली का विस्तार किया जाये । अजमेर को देश के सभी महत्‌ वपूर्ण टर्मिनल से जोड़ा जाये ।

रेलवे विद्यालयों में भवनों की मरम्मत तथा समुचित व्यवस्था एवं स्तरोन्नयन की आवश्यकता है ।

दिल्ली-अजमेर तथा अजमेर-महेसाणा के मध्य पैसेंजर गाड़ियां चलाई जायं जो प्रत्येक छोटे-छोटे स्टेशनों पर रूके तथा ग्रामीण जनता लाभान्वित हो सके । मीटर गेज के समय इस प्रकार की व्यवस्था की जाये । ब्रॉडगेज के बाद में पैसेंजर गाड़ियां बंद हो गई हैं । गरीब आदमी बस के मुकाबले रेलगाड़ियों को प्राथमिकता देता है । अतः आम यात्रियों के लिये दिल्ली-अजमेर पैसेंजर गाड़ी चलाई जाये ।

दिन में प्रातःकाल अजमेर से दिल्ली जाने के लिये कोई गाड़ी नहीं है जबकि पहले मीटरगेज के समय दिल्ली अहमदाबाद एक्सप्रेस गाड़ी 3अप, 4डाउन चलती थी जो अहमदाबाद से सायंकाल रवाना होकर अजमेर प्रातः 7.30 बजे पहुंचती है और दिल्ली सांयकाल पहुंचती है । दिल्ली से प्रातःकाल रवाना होकर अजमेर सांयकाल पहुंचती है । इसे अहमदाबाद-दिल्ली वाया अजमेर-जयपुर चलाया जाये ।

अजमेर-केकड़ी-देवली-कोटा रेलवे लाइन का सर्वेक्षण एवं निर्माण हाथ में लिया जाये ।

अजमेर-राजेन्द्र नगर (पटना) तथा अजमेर-हावड़ा अनन्या एक्सप्रेस के फेरे बढ़ायें जायें ।

ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे क्रासिंग पर फाटक बनाकर चौकीदार नियुक्त किये जायें । लामाना, मुहामी, लाड़पुरा, दांता न्यारा आदि स्थानों पर रात्रि में फाटक पर चौकीदार रहे।

मान्यवर, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए अत्यंत आभारी हूं।

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : बजट 2006-07 के रेल बजट पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, आपका धन्यवाद । महोदय, इस बजट में पिछले बजट की तुलना में आंतरिक स्रोतों की पूर्ति पर अधिक जोर दिया गया है । यह पैसा अन्य मदों से उधार लेना पड़ेगा । यह रेल बजट बिहार में ज्यादा फायदेमंद रहा है । अटल जी की सरकार ने जिन रेलवे प्रोजेक्टों की शुरूआत की थी वे अधूरे पड़े हैं जिनका रेल बजट में कहीं भी जिक्र तक नहीं है । भारतीय रेल विश्व की सबसे बड़ी रेल प्र णाली है । यह 63,465 कि.मी. में फैली हुई है । सन् 2006-07 के रेल बजट में कहीं अपेक्षा से ज्यादा धन दिया, कहीं बहुत ज्यादा उपेक्षा भी रखी गयी । भारतीय रेल देश का सबसे बड़ा उपक्रम है । कुछ र्वा पूर्व तक रेलवे में लगभग 20 लाख कर्मचारी काम करते थे जिसको घटाकर 12 लाख कर दिया गया । रेल का सफर सभी लोगों को सम्मानजनक तरीके से मिले

ऐसा बजट में होना चाहिए था, जो हो नहीं सका । महोदय, बजट में राजस्थान की उपेक्षा की गयी मात्र 6 ट्रेन राजस्थान में और चलाने की घोाणा बजट में हुई । पूरा बजट राजस्थान के लिए निराशाजनक हुआ । पूरे प्रदेश की आमान परिवर्तन व दोहरीकरण व नये रेल मार्गों की उपेक्षा हुई । राजस्थान में कोई भी नई परियोजना बजट में शामिल नहीं है ।

महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र भारत- पाकिस्तान सीमा पर है तथा पूरा क्षेत्र कृाि प्रधान क्षेत्र है । रेल की पूरी सुविधा नहीं मिलने के कारण किसान के फसलों के भावों में मंदी रहती है ।

महोदय, गत सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्र की श्री गंगानगर से स्वरूपसर की 112 किमी. की मीटर गेज लाइन ब्राड गेज में परिवर्तन करने की घोाणा की तथा तत्कालीन रेल मंत्री जी नीतिश कुमार जी ने शिलान्यास भी किया । यह कार्य धीमीगति से चल रहा है उसको अति शीघ्र पूरा किया जाए । आजादी से लेकर अब तक श्रीगंगानगर से जयपुर की मीटर गेज लाइन चल रही है उसको भी ब्राड गेज में परिवर्तन किया जाए एवं हनुमानगढ़ रावतसर से सरदार शहर वाया पल्लू एव अनूपगढ़ कोलायत वाया खाजुवाला का नया सर्वे जल्दी पूरा कराकर बजट में शामिल किया जाए ।

महोदय, श्री गंगानगर जिला मुख्यालय का रेलवे स्टेशन " आदर्श रेलवे स्टेशन " है । इस स्टेशन को " रोस्टर्र चार्ट " में डाला हुआ है परन्तु एक गाड़ी उधान आभा एक्सप्रेस यात्री गाड़ी है । वह भी लम्बी दूरी की है । श्री गंगानगर से नई दिल्ली के लिए एक और ट्रेन चालू की जाए ।

महोदय, श्री गंगानगर में एक भी ओवरब्रिज स्थापित नहीं है । एक ओवरब्रिज राजस्थान सरकार का प्रपोजल (प्रस्ता व) मंगवाकर इसको भी स्वीकृति प्रदान करें ।

---

*The speech was laid on the Table.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, रेल सुविधाओं में वृद्धि की दृटि से या रेल बजट बुन्देलखंड तथा विशोतः सागर संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को कोई आशा का संदेश नहीं दे पाया । सागर नगर संभागीय मुख्यालय तथा बीना कटनी रेल खंड का सबसे महत्वपूर्ण रेल स्टेशन है जिसे माडल स्टेशन बनाने की बात पूर्व में कही गयी थी किंतु गुना दमोह तो माडल स्टेशन की सूची में जोड़ दिये गये किन्तु सागर स्टेशन को वंचित किये जाने से काफी निराशा हुई है । अतः सागर स्टेशन को शीघ्र ही उन्नत कर माडल स्टेशन बनाया जाना चाहिये । रेलवे की सामग्री सारे देश में यहाँ-वहाँ बिखरी पड़ी रहने से काफी चोरियां होती हैं। अभी पिछले दिनों बीना से काफी सामग्री चोरी की घटना हुई थी ऐसी घटनाओं से जुड़े कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिये । इसके साथ ही साथ रेलवे की खाली पड़ी भूमि का दुरूपयोग भी रोका जाना चाहिए। बीमा में रेलवे की लगभग 400 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण है तथा इस भूमि में से बहुत से अतिक्रमणकारियों द्वारा ठेके पर कृाि करने अन्य व्यक्तियों को दी गई । किन्तु रेल प्रशासन उदासीन है ।

अतः शीघ्र ही इस दिशा में प्रयत्न कर बीना सहित देश के सभी स्थानों से रेल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर रेलवे द्वारा स्वयं अथवा निजी क्षेत्र के सहयोग से व्यापारिक उपयोग किया जाना चाहिये । अब मैं अपने संसदीय क्षेत्र की प्रमुख रेल समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं ।

सागर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 व 2 पर नई नाईट व्यवस्था होनी चाहिये, रात्रि में कई बार ट्यूब लाइट बंद रहती हैं, हाई मास्क लाईट भी बंद रहती हैं ।

सागर स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 के बाहर अतिक्रमण हटाये गये स्थान पर सौन्दर्यीकरण का कार्य अविलम्ब प्रारम्भ होना चाहिये अन्यथा पुनः अतिक्रमण होने लगेगा ।

सागर स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 1व 2 एवं फुट ओवर ब्रिज पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जानी चाहिये, टायलेट अक्सर बंद रहते हैं अथवा सफाई नहीं होती जिसमें यात्रियों को असुविधा होती है

सागर स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 2 के बारह साईकिल स्टैण्ड की व्यवस्था है किन्तु होटल वगैरह नहीं है अतः कमर्शियल उपयोग होना चाहिए क्योंकि शहर का आना-जाना यही से होता है

सागर स्टेशन के रिटायरिंग रूम में सफाई व्यवस्था ठीक एवं साफ-सुथरे बिस्तरों की भी सुविधा होनी चाहिये।

---

*The speech was laid on the Table.

सागर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर जी.आर.पी. की व्यवस्था अति आवश्यक है इस प्लेट फार्म पर अक्सर असामाजिक तत्वों का जमाव रहता है ।

सागर आर्मी का प्रमुख केन्द्र है अतः सैनिकों को आरक्षण हेतु अलग से खिड़की होनी चाहिए ।

सागर से बीना-कटनी लाइन पर मालगाडियों का बड़ी संख्या में आना-जाना होता है तथा स्टाफ यहां बदलता है अतः अक्सर मालगाड़ियाँ खड़ी रहती है । अतः अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण अर्थात् 2 नं. के पीछे 3 नं. प्लेटफार्म का निर्माण करना चाहिये ।

सागर स्टेशन पर मरीजों की सुविधा हेतु व्हील चेयर उतारने, बीना स्टेशन की तरह रेम्प बनाया जाना चाहिये।

खुरई से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ने कोटा जाते हैं तथा व्यापारियों का भी बड़ी संख्या में आना जाना होता है अतः खुरई स्टेशन पर जबलपुर-कोटा एक्सप्रेस का पूर्व की भॉति स्टापेज होना चाहिये ।

गनेशगंज स्टेशन पर पूर्व में उत्कल एक्सप्रेस का स्टापेज था पुनः उत्कल एक्सप्रेस का गनेशगंज पर स्टापेज होना चाहिये ।

जरूबाखेड़ा स्टेशन पर छिप्रा एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस तथा गौड़वाना एक्सप्रेस का स्टापेज होना चाहिए।

नरयावली स्टेशन पर सवारी गाड़ियाँ प्लेटफार्म नं. 1 पर नहीं लेते हैं अभी 2 फरवरी, 06 को एक यात्री की इसी कारण मालगाड़ी से टकराकर मृत्यु हो गई अतः मकरोनियां, जरूबाखेड़ा, गनेशगंज एवं नरयावली

स्टेशनों पर शीघ्र ही फुट ओवरब्रिज बनाया जाना चाहिये ।

गनेशगंज, मकरोनिया, ईशुरवारा, नरयावली, जरूबाखेड़ा, डांगीडहर स्टेशनों पर धूप बारिश से बचाव हेतु दोनों तरफ शेड निर्माण होना चाहिये ।

रतौना स्टेशन का विस्तार होना चाहिये तथा नई रेल लाइनें अप लाइन, डाउन लाइन डाली जानी चाहिये ।

विशाखापत्तनम से निजामुद्दीन जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस को अमृतसर तक बढ़ाये जाने का मैं स्वागत करता हूं । हीराकुंड एक्सप्रेस को सप्ताह के तीन दिनों के स्थान पर सप्ताह के सातों दिन चलाया जाना चाहिये ।

खुरई स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर शेड की लम्बाई बढ़ानी चाहिये ।

खुरई स्टेशन पर कम्प्यूटराइज टिकट खिड़की शीघ्र प्रारम्भ होनी चाहिए ।

मकरोनिया उपनगरीय स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव होना चाहिए ।

नरयावली स्टेशन पर बीना इटारसी एक्सप्रेस का स्टापेज ।

जबलपुर कोटा एक्सप्रेस को जयपुर तक बढ़ाये जाने का स्वागत करते हैं किंतु इस ट्रेन का मकरोनिया एवं जरूवाखेड़ा स्टेशन पर स्टापेज दिया जाना चाहिये ।

सागर प्लेटफार्म नं. 1 व 2 पर ऑटो रिक्शा आने-जाने के लिए अलग से व्यवस्था की जावे । भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने हेतु दोनों प्लेटफार्म के बाहर पुलिस की व्यवस्था की जाये ।

जनता की सुविधा हेतु महिला एवं पुरूा प्रसाधन की व्यवस्था दोनों प्लेटफार्म के बाहर की जाये ।

मकरोनिया स्टेशन के पास कानपुर भोपाल राट्रीय राजमार्ग पर अक्सर गेट बंद रहता है अतः ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण किया जाना चाहिए ।

पश्चिम मध्य रेल के रीवा से चेन्नई/बंगलौर/तिरूअंतपुरम के लिए नई ट्रेन चलाई जावे ।

गाड़ी क्र. 5103-5104 गोरखपुर-मंडुवाडीह दैनिक ट्रेन को वाया कटनी सागर भोपाल होते हुए दक्षिण भारत के महानगरों तक बढ़ाई जाये । यह सुझाव है क्योंकि गोरखपुर से मंडुवाडीह के लिए दो अन्य गाड़ियाँ और हैं इनमें लखनऊ-गोरखपुर-मंडुवाडीह एक्सप्रेस एवं गोरखपुर-मंडुवाडीह- कानुपर एक्सप्रेस है इसलिए गाड़ी क्र0 5103-5104 को सरलता से बढ़ाया जा सकता है ऐसा करने से गोरखपुर एवं दक्षिण भारत दोनों तरफ सागर से यात्रा सुविधा संभव हो सकेगी

सागर से रायपुर, दुर्ग, नागपुर जाने हेतु सुविधा नहीं है इस संबंध में (क) दुर्ग निजामुद्दीन संपर्कक्रांति का सागर मुख्यालय में स्टाप प्रारम्भ करवाया जाये इससे केवल दो दिन सुविधा मिलेगी यदि (ख) दुर्ग-निजामुद्दीन छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति और मध्य प्रदेश संपर्क क्रांति जबलपुर-निजामुद्दीन गाड़ियों को कटनी से लिंक करके मध्य

प्रदेश छत्तीसगढ़ संयुक्त संपर्कक्रांति एक्सप्रेस बनाकर चलाया जाये तो सुविधा 5 दिन हो जायेगी। (ग) 8236-8235 भोपाल बिलासपुर एक्सप्रेस कम पैसेंजर को फास्ट पैसेंजर बनाकर रायपुर दुर्ग होते हुए नागपुर तक चलाया जाये (भोपाल से बीना तक यह गाड़ी एक्सप्रेस है इसे समाप्त किया जावें)।

इन्दौर-हावड़ा-क्षिप्रा एक्सप्रेस हमेश फुल जाने वाली ट्रेन है इसको सप्ताह के सातों दिन चलाया जाना चाहिये ।

दमोह-कोटा शटल को फास्ट पैसेजर बनाते हुए इसमें बोगियों की संख्या बढ़ाई जाये, शयनयान लगाए जाए तथा इसे चितौड़गढ़ होते हुए उदयपुर तक बढ़ाया जाये जिससे मध्य प्रदेश के मध्यवर्गीय पर्यटकों व व्यापरियों को राजस्थान यात्रा की सुविधा मिल सकेगी । बीना कोटा एक्सप्रेस को जयपुर तक बढ़ाया जाये।

गाड़ी क्रं. 1506-1505 कटनी से बीना की ओर चलने वाली पैसेंजर को रात्रि 8 बजे की जगह शाम 6 बजे चलाया जाये इसे इंदौर तक बढ़ाया जायें इसमें शयनयान भी लगाए जावे ।

सोमनाथ (वेरावाल) से अहमदाबाद की ओर चलने वाली दैनिक एक्सप्रेस गाड़ी को भोपाल सागर कटनी बनारस तक चलाया जावें ।

जयपुर से कोटा गुना बीना सागर कटनी बिलासपुर रेलमार्ग से हावड़ा एवं विशाखापट्नम जाने के लिए नई गाड़ी चालाई जावे ।

9306-9305 क्षिप्रा एक्सप्रेस एवं चंबल एक्सप्रेस ट्रेनों को मानिकपुर स्टेशन से लिंक करके हावड़ा चलाया जाय ऐसा करने से इंदौर भोपाल सागर दमोह से हावड़ा के लिए दैनिक ट्रेन मिल जायेगी ।

निजामुद्दीन से विशाखापट्टनम चलने वाली स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का मार्ग बदलकर निजामुद्दीन-बीना-सागर-कटनी-बिलासपुर-रायपुर-विशाखापट्टनम किया जावे ।

जबलपुर से गंगानगर(राजस्थान) के लिए साप्ताहिक ट्रेने चलाई जावे ।

कानपुर-खैरार, बांदा-मानिकपुर-सतना-कटनी-दमोह-सागर बीना के लिए बुदेंलखण्ड पैसेंजर गाड़ी चलाई जाये।

भोपाल-बिलासपुर का कटनी पहुंचने का समय चित्रकूट एक्सप्रेस से सामंजस्य कराया जावें जिससे लखनऊ की तरफ से आने-जाने के लिए कटनी से कनेक्शन मिल सकेगा

सागर रेलवे स्टेशन पर स्थित पोस्ट आफिस से तिलकगंज की ओर पैदल पुल बनाया जावें जिससे आम जनता एक ओर से दूसरी तरफ सड़क तक जा सके ।

प्लेटफार्म नं. 3 का निर्माण हेतु मंजूरी दी जाये अन्यथा 1 नवम्बर, 2006 से सागर जाने वाली लाइफ लाइन एक्सप्रेस कहां खड़ी होगी क्योंकि लाइफ-लाइन ट्रेन केवल 1 नं. प्लेटफार्म पर ही खड़ी हो सकती है (आपरेशनों की दृटि से) 2 या 3 नं. पर मरीजों को जीना सीढ़ी चढ़ने उतरने में दिक्कत होगी । लाइफ-लाइन ट्रेन लगभग 15 दिन खड़ी रहेगी ।

माल गोदाम का स्थानातंरण किया जाये (अ) रीगल लाज वाली साइड वाली खाली भूमि जो कि राहतगढ़ बस स्टैण्ड रेलवे फाटक तक जाती है, पर सीमेंट एवं खाद्य भंडारण मालगोदाम बनाई जावें । (ब) अप्सरा सिनेमा वाली साइड पर गेंहू, शक्कर नमक खाद्यान्न भंडारण वाली मालगोदाम बनाई जाये ।

80 लाख की लागत से रेलवे स्टेशन रोड एवं स्टेशन का बाह्य भाग सौंदर्यीकरण का काम शीघ्र कराया जावें । इस संबंध में सागर स्टेशन का बाह्य डिजाइन बुंदेलखण्ड की ऐतिहासिक पृठभूमि को ध्यान में रखते हुए स्टेशन का डिजाइन बनाया जाये ।

प्लेटफार्म नं. 1 के बाहर हाईमास्क लाइट लागाई जाये ।

स्टेशन के दोनों तरफ धूप एवं वर्ाा से बचने के लिए शेड विस्तार किया जाये ।

स्टेशन यार्ड अर्थात् ट्रेनों के खड़े होने वाली पटरी का सीमेंटीकरण किया जाये जिससे मलमूत्र सफाई में सुविधा हो सके ।

मकरोनिया स्टेशन का विकास शहरों की भांति पूर्ण सुविधा युक्त किया जाये ।

टेलीफोन बूथों पर फैक्स एवं इंटरनेट मशीने लगाई जाये ।

यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एस.बी.आई. का एटीएम लगाया जावे।

छतरपुर सागर करेली छिंदवाड़ा नागपुर रेल लाइन को स्वीकृति दी जाये ।

बुंदेलखंड के संपूर्ण विकास के लिए पं. मध्य रेल की भांति बुंदेलखंड रेल कार्पोरेशन का गठन किया जावें ।

बीना तथा सागर में छतीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का कामर्शियल हाल्ट होना चाहिए तथा सागर से आरक्षण कोटा निर्धारित होना चाहिए ।

डाऊन ट्रेनों के कोच पोजीशन सुविधा मिलना चाहिये। डिस्प्ले कोच पोजीशन हेतु जो बीना में नहीं मिलती बीना सागर रेलवे दूरभाा सेवा का सीधा कनेक्शन होना चाहिए ।

बीना में प्लेटफार्म नं. 1 पर शेड निर्माण का कार्य शीघ्र होना चाहिए धूप-बारिश में यात्रियों को काफी असुविधा होती है ।

बीना जंक्शन पर गाड़ियों की संख्या अत्यधिक है तथा कई बार गाड़ियां प्लेटफार्म खाली नहीं होने से आउटर पर रोक दी जाती है । अतः अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाया जाना चाहिए

बीना से गुना लाइन पर आनंदपुर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है गोवा तथा अन्य गाड़ियों का वर्ा में दो बार 15-15 दिन के मेला के समय स्टापेज किये जाते हैं । अतः गोवा एक्सप्रेस पुपक एक्सप्रेस तथा नांदेड सचखंड एक्सप्रेस का बीना में स्टापेज होना चाहिए ।

बीना में वीआईपी रूम को सुसज्जित तथा सुव्यवस्थित होना चाहिये ए.सी. फर्नीचर सहित

बीना में डिजिटल क्लाक स्टेशन पर लगाना चाहिये तथा गाड़ी सहित डिजिटल डिस्प्ले की व्यवस्था होनी चाहिए ।

बीना में बीना बजरहिया शमशान घाट झांसी गेट के पास स्थित है इस कारण इसका जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है । रेलवे कालोनी भी लगी है । अतः जीर्णोद्वारा की व्यवस्था होनी चाहिए

करौंदा स्टेशन पर पठानकोट का पूर्व में स्टापेज था ग्रामीणों की सुविधा हेतु पुनः करौंदा स्टेशन पर पठानकोट एक्सप्रेस का स्टापेज होना चाहिए ।

मंडी बामोरा स्टेशन बीना तथा कुरवाई क्षेत्र के पचासों गांव का प्रमुख केंद्र है जहां से यात्री गाड़ी पकड़कर भोपाल एवं दिल्ली की ओर यात्रा करते हैं । अतः मंडीबामोरा स्टेशन पर क्षिप्रा एक्सप्रेस एवं झेलम एक्सप्रेस का स्टापेज होना चाहिए।

गौड़वाना एक्सप्रेस राजस्व की दृटि से काफी आय अर्जित करने वाली गाड़ी है जो कभी खाली नही रहती इसे जबलपुर से पूरी ट्रेन के रूप में चलाया जाना चाहिए ।

पूर्व में प्रस्तावित दमोह सागर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस चलायी जानी चाहिये ।

मरीजों की सुविधा हेतु अच्छी व्हील चेयर बीना खुरई सागर स्टेशन पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए ।

बीना नगर के झांसी फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाना चाहिए ।

मध्य प्रदेश के बहुसंख्यक कपड़ा व्यापारियों को सूरत जाने हेतु सतना, कटनी,बीना,दमोह,सागर, बासौदा, बिदिशा, भोपाल, बैरागढ़ में रहने वाले सिंधी समाज के लोगों को आपस में रेल सेवा से जोड़ने हेतु तथा मध्य प्र ादेश की राजधानी भोपाल से बीना सतना रेल मार्ग से पटना जाने और भोपाल से ही उपनगर बैरागढ़ होते हुएसूरत बलसाड़ मुंबई के लिए नियमित गाड़ी चलाई जाये ।

बैरागढ़ रेलवे स्टेशन पर सिंधी समाज के धरने पर उठी माँग का मैं समर्थन करता हूं व पटना से इलाहाबाद कटनी, बीना, सागर, रतलाम, मुम्बई नई दैनिक ट्रेन चलाई जाये इस ट्रेन के प्रारम्भ होने से बुंदेलखंड एवं प्रदेश की राजधानी भोपाल सूरत एवं पटना नगरी से सीधे रेल सुविधा से जुड़ जायेगी । यह बहुत पुरानी मांग है ।

श्री देविदास पिंगले (नासिक) : महोदय, मैं महाराट्र से प्रतिनिधित्व करता हूं, जहां से रेल को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है, फिर भी पिछले दो सालों में तथा सन् 2006-2007 के रेल बजट में महाराट्र की उपेक्षा की गई है। इस उपेक्षा के कारण राज्य की आर्थिक गतिविधियां रुक गईं हैं तथा औद्योगिक विकास नहीं हो रहा है। महाराट्र में विशोतः नासिक, जहां से मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, वहां रेल नेटवर्क अत्यंत खराब स्थिति में है। दस साल पूर्व नासिक-पुणे रेल लाइन का सर्वेक्षण हुआ था। वर्तमान स्थिति में दस साल पूर्व हुआ सर्वेक्षण गैरलागू है। इसलिए वहां नये सिरे से सर्वेक्षण की अत्यधिक गरज है। अतः वहां के लोगों की भावनाओं की कदर करके नासिक-पुणे रेल लाइन का सर्वेक्षण करके नई रेल लाइन बिछाने का कार्य तीव्र गति से किया जाना चाहिए। यह बात मैंने आपको बताई है तथा रेलवे कन्सल्टेटिव कमेटी में भी उठाई है।

नासिक जिला गुजरात तथा महाराट्र की सरहद पर है। प्रायः गुजरात के सूरत इलाके के लोग लाखों की तादाद में नाशिक के औद्योगिक क्षेत्र में बसे हैं, उन्हें यदि सूरत जाना हो तो मुंबई या जलगांव जाकर गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है। इसमें वक्त तथा राजस्व की हानि होती है और मुंबई तथा जलगांव में भारी भीड़ की वजह से रेल डिब्बों में जगह मिलना न के बराबर है। सड़क मार्ग से नासिक-सूरत सिर्फ 150 कि.मी. है। इस मार्ग का सर्वेक्षण करके नया रेल मार्ग बिछाने के लिए बरसों पुरानी मांग की भी बजट में अनदेखी की गई है। आम जनता में रेल के प्रति असंतोा न हो, इसलिए यह कार्य तुरंत शुरू करें।

माननीय रेल राज्यमंत्री महोदय ने हाल ही में नासिक की यात्रा की थी। उन्होंने वहां पत्रकारों के साथ वार्तालाप करते समय नाशिक-शिर्डी लाइन का सर्वे करने की घोाणा की, लेकिन उसे बजट में सम्मिलित न करके लोगों की भावनाओं के साथ मजाक किया गया है। मैं समझता हूं कि नासिक तथा शिर्डी के धार्मिक एवं पर्यटकीय महत्व को ध्यान में रखकर स र्वेक्षण के लिए उचित आदेश जारी करके बजटीय प्रावधान करें।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र में कई जगह रेल फाटक तथा उपरिपुल बनाने की मांग की गई है और कई जगह मैंने सांसद कोा से निधि देने का भी ऐलान किया है। लेकिन उनकी भी अनदेखी करके जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। इससे पहले कि निर्वाचन क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरे, उससे पहले घोाित उपरिपुल का कार्य तथा नये पुलों की आ वश्यकता का आंकलन पूरा करके कार्य शुरू करने के आदेश जारी करें।

---

*The speech was laid on the Table.

किसानों और डेयरी उत्पादन में लगे लोगों के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है, यह भी सराहनीय बात है। यह काम लालू जी ही कर सकते थे। इसके साथ ही मैं उनसे यह भी कहना चाहूंगा कि छोटे और मध्यम किसानों तथा डेयरी उत्पादन में लगे लोगों को भारत दर्शन रेल द्वारा कराया जाए। अगर उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाएगा, तो वे वहां जाकर देख सकते हैं कि कैसे उन्नत फार्मिंग होती है, कैसे दूसरे राज्य में डेयरी फार्मिंग होती है और वहां इसमें कितनी उन्नति हुई है। इससे वे भी अपने राज्य में आकर वैसी तकनीक अपनाकर खुद की और राज्य की उन्नति कर सकेंगे। इससे यह भी फायदा होगा कि जो लोग मात्र पढ़ते हैं और जानते हैं कि भारत एक देश है, लेकिन उससे कभी आगे नहीं बढ़ पाए, उसे देख नहीं पाए[R38] इस देश की विशालता को देखेंगे, इसकी संस्कृति को पहचानेंगे और राट्रीय भावना इससे और बढ़ेगी। इसलिए मैं सलाह दूंगा कि भारत दर्शन का प्रोग्राम रेल मंत्री जी जरुर बनाएं।

महोदय, रेलवे में खेलकूद की चर्चा माननीय मंत्री जी ने की है। इनके आने के बाद खेलकूद को बढ़ावा मिला है। मैं खेलकूद से संबंधित व्यक्ति हूं इसलिए मैं इस बात को जानता हूं। लेकिन इसमें और बढ़ावा देने की जरूरत है। रेलवे में

हॉकी के खेलकूद का स्थान झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश है। इन इलाकों में एस्ट्रोटर्फ के मैदान बनाए जाने की आवश्यकता है। रेल मंत्रालय इस पर विचार करे और इसको बढ़ावा दे। रांची में जब माननीय रेल मंत्री जी गये थे तो मैंने कहा था कि रांची में एस्ट्रोटर्फ का हॉकी मैदान अवश्य बनाया जाना चाहिए। एस्ट्रोटर्फ का मैदान वे रांची में, राउरकेला, चक्रधरपुर और मध्य प्रदेश में जहां भी संभव हो वहां बनवाएं।

इसके बाद में झारखंड पर आउंगा जहां के लोगों ने मुझे यहां भेजा है। माननीय लालू जी का बहुत-बहुत धन्यवाद क्योंकि उन्होंने झारखंड को पांच नयी ट्रेनें दी हैं. यह पहला मौका होगा जब आदिवासी बहुल इलाके झारखंड के लिए इन्होंने दी है। लोगों ने माननीय लालू जी को बधाई देने के लिए मुझे टेलीफोन किया है। हम उनको इस मौके पर धन्यवाद और बधाई देते हैं। लेकिन महोदय, इससे काम नहीं चलेगा। अभी वहां ट्रेनों की लाइनें बहुत कम हैं। इसलिए नयी लाइनों का विस्तार होना चाहिए जिनके बारे में उन्होंने इसमें कुछ नहीं कहा है, कोई घोाणा नहीं की है।

लोग कहते हैं कि यह बिहार रेल बजट है। मैं झारखंड से जरुर हूं लेकिन मैं मूलतः बिहार का रहने वाला हूं। बिहार बहुत पिछड़ा और उपेक्षित इलाका रहा है। अगर माननीय लालू जी ने बिहार में रेल की दो-चार लाइनें बनवा दी, ट्रेनें चलवा दीं तो अच्छा किया है, पिछड़े इलाके को उन्नत करने की कोशिश की है। इससे लोगों को भारत से जोड़ने की कोशिश की है, सरकार से जोड़ने की कोशिश की है और यह एक प्रशंसनीय बात है। लेकिन मैं अपेक्षा करुंगा कि उनकी ऐसी ही नजर झारखंड पर भी रहे तो अच्छा होगा। ट्रेन तो उन्होंने शुरु की ही है लेकिन नयी रेल लाइनों का विस्तार भी वे करेंगे, ऐसी मुझे आशा है। जब माननीय रेल मंत्री जी लोहरदंगा गये थे लोहरदंगा बड़ी रेल लाइन में बदली थी और वे उसके उद्घाटन में गये थे। उन्होंने घोाणा की थी कि गुमला को बड़ी रेल लाइन से जोड़ेंगे लेकिन इस बजट में उसकी कोई घोाणा नहीं हुई है, इस पर मुझे आश्चर्य है। गुमला-सिमडेगा आदिवासी बहुल इलाका है उन्हें रेल से जोड़ा जाना चाहिए, यह मैं मांग करता हूं। झारखंड में रेल के बहुत से पेंडिंग प्रोजैक्ट्स हैं। कोडरमा से हजारीबाग, हजारीबाग से रांची को जोड़ने का काम शुरू हुआ है लेकिन प्र ागति बहुत धीमी है। दुमका की स्थिति भी यही है। लोहरदंगा से टोरी की भी यही स्थिति है, प्रगति नहीं हो रही है। मैं मांग करता हूं कि इसमें प्रगति लायी जाए।

एक सामान्य व्यक्ति का जो दर्द है उसको मैं बता रहा हूं। दिल्ली से रांची के लिए ट्रेन चली है। उसके बीच में जो स्टेशन आते हैं वहां लोग आरक्षण कराते हैं लेकिन उनको डिब्बे का पता नहीं होता है। दिल्ली से चढ़ने वाले तो जानते हैं लेकिन बीच के स्टेशन पर सैकिंड क्लॉस, स्लीपर कहां लगेगा, लोगों को पता नहीं चलता है और वे पूरे स्टेशन की परिक्रमा करते रहते हैं। उनकी मांग है कि स्टेशन मास्टर खबर करे कि कौनसा डिब्बा कहां लगेगा[r39]? ये सामान्य व्यक्ति की कठिनाइयां हैं, इसलिए उन्होंने मुझे कहा है कि इसकी जरूर चर्चा कीजिए। महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए काफी समय दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रगुजार हूं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Sir, the hon. Member has made a very valid point. I do not know whether the hon. Minister has taken note of it or not. About the frequent rail travellers, some concessions may be added as is being done for frequent fliers in the airlines. Accordingly, some provision should be made by the Railways.

श्री वी.के. टुम्मर (अमरेली) : महोदय, माननीय प्रधान मंत्री एवं आदरणीय सोनिया गांधी जी के निर्देश पर माननीय रेल मंत्री जी ने मीठा मीठा बजट पेश किया जो निःसंदेह आर्थिक विकास को गति देने वाला और आधुनिकीकरण में मददगार होगा। माननीय रेल मंत्री जी रेलवे सम्पत्ति का उपयोग किया है उससे रेलवे को अतिरिक्त आय प्राप्त हुयी है, जिससे यह बजअ जनता में बोझ वाला नहीं है इसके लिए माननीय रेल मंत्री जी प्रशंसा के पात्र हैं। देश में पहली बार भारतीय रेल की विततीय स्थिति का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है, जिससे हमारा फंड बैलेंस बढ़कर 11 हजार करोड़ एवं लाभांश पूर्व आंतरिक संसाधन भी 11 हजार करोड के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गये हैं। इससे पहले भारतीय रेलवे डिविडेंड का भुगतान भी नहीं कर पाती है आज रेलवे के सभी उपक्रम लाभ कमा रहे हैं । एक समय था कि रेलवे ऋण संकट में फंस गयी थी, परन्तु माननीय लालू जी ने ऋण संकट से उबारा ही नहीं अपितु उसके एक लाभदायक मुकाम पर पहुंचा दिया है।

देश में पटरी भी वही है, इंजन भी वही है, डिबबे भी वही हैं और स्टाफ भी वही है, परन्तु आज रेल एक नूर की तरह महक रही है, उसके लिए विपक्ष को यूपीए सरकार का आभार व्यक्त करना चाहिए। यह रेल बजट एक तरह से आम आदमी का बजट है, जिसमें यात्री किराये नहीं बढ़े हैं, माल भाड़ा भी नहीं बढ़ा है, ज्यादा नयी रेल सेवा शुरू करने का ऐलान किया गया है। साथ ही साथ कई रियायत किये जाने की घोाणा की है। इस साल जो रेलवे की वार्िक योजना तैयार की है वह अब तक सबसे ज्यादा वाली है जो इस बात की ओर इशारा करता है आने वाले समय में रेलवे की काफी ज्यादा काया पलट होगी।

परिवहन यातायात में रेलवे का काफी महत्व है क्योंकि इससे एक ओर माल को एक सान से दूसरे स्थान को माल शीघ्रता के साथ पहुंचाया जा सकता है और माल सुरक्षित ढंग से पहुंच जाता है और इस

* The speech was laid on the Table.

पर लागत भी बहुत कम आती है । इस चालू र्वा के दौरान 11 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए 668 मीलियन टन की लोडिंग करने का एक नया कीर्तिमान बनाया है साथ माल को शीघ्रता के साथ भेजने के लिए नयी योजनायें उत्सावर्द्धक है जब माल को भेजने में लागत कम होगी तो उसका सीधा असर यह होगा कि कीमत में कमी रहेगी। माल व्यवसाय में एक पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से दो मार्गो पर 25 टन एक्सल लोड की मालगाडियां चलाने का निर्णय लिया है। कभी व्यापारियों एवं उद्योपतियों को वेगन उपलबध नहीं हो पाते थे और उन्हें पेट्रोल एवं डीजल से चलने वाले वाहनों से अपना माल भेजना पड़ता था, परंतु वेगनों का उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य जो रखा है, उससे व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को बहुत ही राहत मिलेगी। इससे लागत घटाओं एवं व्यापार बढ़ाओ में रेलवे का योगदान मिलेगा।

इस बजट में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग कर रेल सेवा का आधुनिकीकरण का कार्य सराहनीय है। इस साल 200 रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाकर यात्रियों को कम समय में अपने गंतव्य स्थान पहुंचाया जायेगा। समय के साथ लोगों को अपना समय बहुत कीमती लग रहा है और रेलवे ने इसको अच्छी तरह से समझा है रेलवे की स्पीड को बढ़ाकर लोगों का समय बचाने का काम किया है। उसके लिए यूपीए सरकार बधायी की पात्र है। सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गर्मियों के समय में रेलवे की यात्रा बहुत होती है। लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाता है, जिसके करण लोगों को बहुत ही

दिक्कत होती है, इसके लिए सरकार को यह प्रयास करना चाहिए कि लोगों को कन्फर्म टिकट मिले, जिससे वह अपने परिवार सहित सुखमय एवं मुस्कान के साथ यात्रा कर सके।

इस रेलवे बजट ने रेलवे की तस्वीर को बदलने का जो प्रस्ताव किया है, उसके कइ अच्छी बातें हैं और अपनी भावनाओं को बताने में असमर्थ हूं। माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि गुजरात के सौराट्र क्षेत्र को इस बजट से कुछ नहीं मिला है और हमें न्याय नहीं मिला है। देश के कई भागों में लोग रेलवे का पूरा फायदा उठाते हैं, परन्तु सौराट्र में रेलवे सेवा मांग के अनुरूप नहीं है। पहले भी ऐसा होता रहा है, इस बार भी ऐसा हुआ है। सौराट एक व्यापारिक केन्द्र है और यहां पर कइ बंदरगाह हैं और माल का विदेशों से लाना एवं भेजने का कार्य बहुत बढ़ा है, परन्तु रेल सेवा में कोई सुधार नहीं हुआ है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में ढासा से जेतलसर के बीच जो नैरोव लाइन है, उसको ब्राडगेज लाइन में परिवर्तन करके इस क्षेत्र से अन्य क्षेत्रों के लिए लंबी रेल सेवा शुरू करने का आग्रह कर चुका हूं, परन्तु उस पर अब तक कोइ कार्यवाही नहीं हुयी है। माननीय रेल मंत्री जी मेरे संसदीय क्षेत्र से अभी तक कोइ भी लंबी यात्रा वाली रेल सेवा नहीं है, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को अहमदाबाद जाना पड़ता है और इसके लिए ट्रेन बदलनी पड़ती है और कइ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए ढासा से जेतलसर की नैरोव लाइन को ब्राड गेज लाइन में परिवर्तन करने का कार्य इसी बजट में शामिल करने का कट करें।

सौराट में महुआ, राजूला, सावरकुडला दामनगर होकर एक रेल सेवा धौला रेलवे स्टेशन जाती है, जिसमें हीरे के कारीगर एवं हीरे के व्यापारी सूरत एवं मुंबई जाने के लिए इस रेल सेवा का प्रयोग करते हैं। इसी रेल सेवा को जो महुआ से धोला चलती है, उसमें एक ए.सी थ्री, एक स्लीपर एवं एक जनरल डिब्बा लगाया जाये, जिससे भावनगर से बांद्रा जाने वाली रेल सेवा को धौला रेलवे स्टेशन पर जोड जाये, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के हीरे के कारीगरों को अहमदाबाद सूरत एवं मुंबई सीधे यात्रा करने की सुविधा मिल सके। साथ ही साथ वलसाड डायमेड नगरी नाम से नयी रेल सेवा मेरे संसदीय क्षेत्र के अमरेली से वलसाड के बीच महुआ एवं राजूला अमरेली से वलसाड के बीच महुआ एवं राजूला होकर चलायी जाये क्योंकि अमरेली एवं अहमदाबाद के बीच मीटर गेज लाइन को बदल कर ब्राड गेज लाइन कर दिया है, परन्तु इस पर अभी तक लंबी यात्रा वाली रेल सेवा नहीं चलायी है। रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वेरावल एवं जबलपुर के बीच रही रेल सेवा का ठहराव गोन्डल किया जाये, जिससे इस क्षेत्र के आसपास के लोगों को रेलवे की सुविधा मिल सके। मेरे संसदीय क्षेत्र में रेल सेवा 9271 एवं 9272 में महुआ रेलवे स्टेशन से और बोगी लगायी जाये क्योंकि यह रेल सेवा बहुत ही भरी होती है। मेरे संसदीय क्षेत्र में पिपावाव एक बंदरगाह है सुरेन्द्र गर पिपावाव ब्राडगेज रेलवे लाइन का जो कार्य चल रहा है उसको जाफराबाद तक बढ़ा दिया जाये तो जाफराबाद की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है। जूनागढ़ में और जूनागढ़ में फर्टिलाइजर के रेक बढ़ाया जाये क्योंकि रेको के अभाव में फर्टीलाइजर किसानों को समय पर नहीं मिल पाती है। सौराट के रेलवे स्टेशनों पर रेलवे बुनियादी सेवा पर्याप्त ही है उसको उपलबध करवाया जाये। मेरी जानकारी में आया है कि सौराट में रेलवे की ठेकेदारी में कुछ ही लोगों की माफियागरी चल रही है, जिसमें रेलवे के अधिकारी भी शामिल हैं, जिसके कारण रेलवे के कार्य संतोाजनक ढंग से नहीं हो पा रहे हैं, इसकी जांच करवायें तो रेलवे के हित में होगा। सौराट के महुआ से धोला के बीच रेलवे सेवा 236 चलती है जो महुआ से 1735 बजे चलकर धोला 2110 बजे पहुंचती है और वहीं खड़ी हो जाती है अगर इसको महुआ से अहमदाबाद तक पैंसेंजर रेल सेवा कर दिया जाये तो मेरे क्षेत्र के लोगों को बहुत फायदा होगा और रेलवे को राजस्व भी मिलेगा।

पश्चिम रेलवे जोन का 80 प्रतिशत रेलवे लाइन गुजरात में है परन्तु इसका जोन मुम्बई है जो गुजरात के साथ अन्याय है और प्रशासन में कुशलता नहीं आ पा रही है और अधिकारियों को आने जाने में खर्चा भी बहुत हो रहा है। एनडीए

सरकार ने गुजरात के साथ विश्वासघात कियाह इसके लिए यूपीए सरकार को पश्चिम रेलवे जोन का कार्यालय अहमदाबाद या गांधीनगर में बनाया जाये।

सौराट की जनता के चेहरे पर इस रेलवे बजट से मुस्कान नहीं आयी है। अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि सौराट के लिए इस बजट में कुछ स्थान दे यहां पर भगवान कृण का स्थान द्वारका भी है। कई पर्यट स्थल हैं और कई अलग किस्म के उद्योग हैं और कई बंदरगाह हैं। देश के डेयरी उद्योग चल रहे हैं । अगर आप सौराट क्षेत्र का एक बार दौरा करें तो आपको इस क्षेत्र का महत्व दिखायी देगा जो आपने इस रेल बजट में नहीं दिया है इसका हम लोगों का मन काफी भारी है।

पश्चिम रेलवे जेडआरयूसीसी का मुझे सदस्य बनाया है उसकी अवधि 01.07.06 को पूरा हो रही है। लेकिन आज तक उसकी कोइ मीटिंग नहीं बुलाया गया है। इसमें जिसका जवाबदारी है उसका अध्ययन करके बैठक बुलाने को कहा जाये और नहीं बुलाने पर उन अधिकारियों को सजा दिया जाये।

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ा 2006-07 के रेल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। माननीय रेल मंत्री जी ने अपने रेल बजट से हिंदुस्तान की जनता को जो संदेश दिया है, उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इनके रेल बजट की प्रशंसा यहां न रहने पर बाहर भी सुनने को मिलती है। उसका कारण यह है कि रेल बजट में जो जन- सुविधाएं दी गई हैं, जो रेल में चलने वाले लोगों की कठिनाइयां थीं और जिस प्रकार की घटनाएं होती थीं, उनमें काफी कमी आयी है, काफी कुछ सुधार हुआ है। मेरे ख्याल से देश में करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोग प्रतिदिन रेलों से यात्रा करते हैं ओर उसमें ज्यादातर लोग मध्यम श्रेणी के होते हैं। उनकी संख्या लगभग सवा सौ करोड़ है। हमारा बजट 35 हजार करोड़ 476 लाख रूपए का है और देश का यह सबसे बड़ा समाजिक उपक्रम है। इससे बड़ा उपक्रम हमारे पास नहीं है, जो लाभकारी खाते में है और उसे लाभकारी स्थिति में पहुंचाने के लिए माननीय रेल मंत्री जी ने बहुत प्रयास किया है। दो-तीन सालों में जिस लाभकारी स्थिति में यह विभाग पहुंचा है, उसकी प्रशंसा ही की जानी चाहिए। लेकिन एक खतरा मुझे इस बात का लगता है, जिसके बारे में मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा। आपकी सरकार का यह मानना है कि हम लाभकारी उपक्रमों को निजी हाथों में नहीं सौंपेंगे, लेकिन आप के बजट से कुछ ऐसे संदेश मिलते हैं कि रेलवे में होने वाले कुछ काम आप निजी हाथों में सौंपे जाने की सोच रहे हैं, मैं समझता हूं कि इस पर रोक लगनी चाहिए। रेल विभाग के कर्मचारियों की संख्या 19-20 लाख थी, जो घटकर 14 लाख हो गयी है। आज हमारे देश में बढ़ती हुयी बेकारी के निदान के लिए आपको भी प्रयास करना है, उसमें आपकी भी भागीदारी है। अगर रेल विभाग से बेकारी को हल करने में सहयोग नहीं मिल सकता, तो जो कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनकी संख्या को कम करना ठीक बात नहीं होगी। रेल विभाग के द्वारा गाड़ियों में खान-पान की और तमाम तरीके की जो जन सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं, निजीकरण हो जाने के बाद, इन पर प्रतिबंध लगेगा और काम करने वाले लोगों की संख्या घटेगी, चाहे वह कुली की शक्ल में हो, सप्लायर की शक्ल में हो, या सेवा की शक्ल में हो। हमारी गुजारिश् यह है कि रेल विभाग में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा करने का अवसर मिलना चाहिए और कुछ सेवाओं का निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए।

दूसरी बात, जो मुख्य है, वह है कि रेलवे विभाग में लाइनों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का काम प्राथमिकता के आधार किया जाना चाहिए, जिससे रेलों के समय पर चलने में जो बाधाएं होती हैं, उनका निराकरण हो सके ओर देश् के

बड़े औद्योगिक नगरों को, चाहे मुबंई हो, सूरत हो, चेन्नई हो, कलकत्ता हो, ये जो बड़े औद्योगिक नगर हैं, इनको मालगाड़ियों की सीधी सुविधा दी जानी चाहिए। उनका सवारी गाड़ियों से टकराव न हो, उन लाइनों पर डिस्टर्बेंस न हो, यह सबसे बड़ी आवश्यक चीज है। आवागमन को सुचारू बनाने के लिए क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बहुत आवश्यक हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आज देश में आपके विभाग के पास कितने ओवरब्रिज बनाने के प्रस्ताव विचाराधीन है - ओवर ब्रिजों की संख्या क्या है और आप किस प्रकार की व्यवस्था कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा ओवर ब्रिज बनाकर रेल क्रासिंग और आम-आदमी के आवागमन में जो असुविधा होती है, उसे दूर करने की कोशिश की जा सके? हमारे फैजाबाद जनपद से बाराबंकी, लखनऊ और जाफराबाद में मुश्किल से सौ किलोमीटर की दूरी cè[c40]। अगल-बगल से दोहरीकरण और विद्युतीकरण हो गया है लेकिन लखनऊ से फैजाबाद और फैजाबाद से जफराबाद जो मुश्किल से सवा सौ किलोमीटर की दूरी है. उसका दोहरीकरण और विद्युतीकरण करना चाहिए जिससे कोलकाता और बंगाल को आने-जाने वाले और गोरखपुर जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। गोरखपुर से दक्षिण भारत को जोड़ने का काम करना चाहिए। सरजू नदी पर कई साल पहले एक अरब रुपए का पुल बनने के बाद भी अभी तक कोई ट्रेन नहीं चलायी गई। जानकारी में आया है कि गोरखपुर से कोई ट्रेन अयोध्या और अयोध्या से इलाहाबाद और इलाहाबाद से आगे चलाने का प्रस्ताव है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री को धन्य वाद दूंगा। आजाद भारत में पहली बार उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ने का और तीर्थ स्थलों को जोड़ने का जो काम किया जा रहा है, मैं उसके लिए माननीय मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा लेकिन फैजाबाद से इलाहाबाद, प्रयाग को जोड़ने के लिए जो लाइन है, उस पर सौ किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ी चलायी नहीं जा सकती है। उस लाइन को बदलने का प्रस्ताव करना चाहिए। उसे करने की आवश्यकता है।

इसके साथ-साथ ट्रेनों में जो आम परेशानी महसूस होती है, मैं उसकी तरफ ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। महिलाओं की सुरक्षा का खास तौर पर सवाल है। पिछले दिनों ट्रेनों में महिलाओं के साथ बड़ी गम्भीर घटनाएं घटी। इसे लेकर सदन में सवाल भी उठे थे। आजाद भारत में अगर महिलाएं ट्रेनों में सुरक्षित नहीं हैं तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। इस व्यवसाय और विभाग के प्रति एक अंदेशा पैदा होता है। खास तौर पर उत्तर भारत में ऐसी घटनाएं घटती हैं। दक्षिण भारत में सुरक्षा की इतनी आवस्यकता नहीं है जितनी उत्तर भारत की रेलों में है। इसलिए उत्तर भारत की रेलों में जो ऐसी घटनाएं घटती हैं, उन पर रोक लगाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

स्टेशनों में गन्दगी बहुत रहती है। इसे रोकने के लिए भी कोई उपाय किए जाने चाहिए। स्टेशन बदबू के घर न बन जाएं, इसका ध्यान रखना चाहिए। आधुनिकीकरण के जरिए इसे दूर करना चाहिए। वहां देश-विदेश से लोग आते हैं। जब स्टेशनों में इस प्रकार की गन्दगी रहती है तो आदमी का मन उससे विचलित हो जाता है और ऐसे स्टेशनों में जाने की इच्छा नहीं होती है। माननीय मंत्री जी ने आधुनिकीकरण के जरिए ट्रेन्स में आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने का जो काम किया है, मैं उसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। हिन्दुस्तान के इतने बड़े विभाग जिस की जिम्मेदारी इनको सौंपी गई है, उसमें उन्होंने जितनी कामयाबी हासिल की है, देश को जितना लाभ पहुंचाया है, हमारी प्रार्थना है कि वह इस काम को पब्लिक के लिए भी उतना लाभकारी बनाएं। जितना विभाग को लाभ हुआ है, उतना जनता को लाभकारी बनाने की कोशिश करें। हम इसके लिए उनको धन्यवाद देंगे। मैं आपको बाकी चीजें बाद में लिख कर दे दूंगा।

श्री आनंदराव विठोबा अडसूल (बुलढाणा) : हमारे रेल मंत्री जी यह दावा कर रहे हैं कि यह बजट आम आदमी का बजट है। गरीबों के लिए गरीब रथ नाम से देश में इस्ट-वेस्ट और नार्थ-साउथ हफ्ते में एक दिन गाड़ी चलाने का ऐलान किया है। उसका किराया 25 प्रतिशत थ्री-टायर ए.सी. से कम करने का दावा रेल मंत्री जी कर रहे हैं। सही मायने में यह किराया आज

के 2-टायर साधारण क्लास से ढाई गुणा ज्यादा है। सही मायने में गरीब लोग दे सकते हैं क्या? इसलिए मैं रेल मंत्री जी से गरीब की डेफिनेशन जानना चाहता हूं। इससे यह साबित होता है कि हमारे रेल मंत्री जी लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

माननीय रेल मंत्री जी ने 55 नई ट्रेन शुरू करने का भी रेल बजट में ऐलान किया है, लेकिन उसमें 20 गाड़ियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बिहार के लिए ही है तो पूरे देशवासियों के साथ् धोखा करके असमानता का परिचय रेल मंत्री जी ने दिया है।

मैं रेल मंत्री ओर सदन के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि मुंबई से रेल मंत्रालय को 25 प्रतिशत से ज्यादा आमदनी होती है, लेकिन उसके बदले में मुंबई को इस बजट में क्या मिला है? कुछ नहीं। यह सरासर अन्याय है। इसलिए मैं मेरी पार्टी की तरफ से उसकी निंदा कर रहा हूं।

महाराट्र के बारे में भी वही बात सामने आती है। कोई नया रेल प्रोजेक्ट के लिए माननीय रेल मंत्री जीने कुछ भी प्रावधान नहीं किया है।

बारामती-लोनंद वाया फलटन रेल लाईन 11वीं लोकसभा में मंजूर हुयी। इस नयी रेल लाइन के लिए केवल 7 करोड़ रूपए देकर रेल मंत्री ने इसकी हंसी उड़ायी है।

मेरे खुद के चुनाव क्षेत्र बुलडाना के लिए और उसके माध्यम से मराठवाड़ा और विदर्भ की जनता के लिए जालना-शेगांव (खामगांव) रेलमार्ग 150 कि0मी0 है,य जिसका सर्वे सन् 1929 में हुआ था। हर बजट में मांग करने के बावजूद आज तक उसकी मंजूरी देने में रेल मंत्रालय टालम-टाल कर रहा है। यहां तक कि रेल बांड के माध्यम से 100-200 करोड़ रूपए जमा करके देने का मैंने वादा करने के बावजूद मेरी यह न्यायिक मांग नजरअंदाज हो रही है। कम से कम माननीय रेलमंत्री जी आज तो उस बारे में विचार करें, यह मैं मांग कर रहा हूं।

* The speech was laid on the Table.

दूसरी बात नासिक से भुसावल और सूरत से भुसावल ऐसी दो पैसेंजर गाड़ियां भुसावल से आगे बडनेरा या अमरावती तक अगर चलायी जाए, तो छोटे स्टेशन और देहाती, गरीब, पिछड़े लोगों को बड़ी सुविधा होगी। इस पर रेल मंत्रालय अमल करें, तो बहुत बड़ी मेहरबानी होगी। मेरे चुनाव क्षेत्र में नांदुरा ओर शेगांव रेल क्रासिंग की जगह अगर ओवरब्रिज बनेंगे तो बहुत बड़े पैमाने पर ट्रैफिक व सुरक्षतता की समस्या हल हो सकती है।

माननीय रेल मंत्री जी मेरे किए गए सुझाव पर ध्यान देंगे, ऐसी मैं आशा रखता हूं।

DR. C. KRISHNAN (POLLACHI): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for permitting me to speak on the Railway Budget 2006-07. I stand here to support the Budget for the ensuing year. The Budget is highly humanitarian. I am speaking on behalf of Thiru Vaiko, the leader of Tamilians and the leader of Marumalarchi Dravida Munnetra Kazhagam. This is the third consecutive Budget being presented by the famous twins, Lalu ji and Velu ji. It is easy to remember them and they will be remembered for a very long time to come[r41].

Sir, first of all, I thank my leader, Mr. Vaiko, who has taken interest to get the scheme, projects sanctioned, that is, conversion of Metre-gauge into Broad-gauge from Dindigul to Palghat and from Pollachi to Coimbatore. This scheme is a very important project in my Constituency and Rs.one crore has been allotted. It has been a long awaited one. I have pleaded in this august House many a time. Now, the time has ripe and I have got the scheme sanctioned by the two great Railway Ministers, Thiru Laluji and Veluji. It was not touched ever since the Independence of our country.

Sir, before taking up the project works, I would request that the local people, people's representatives and public organizations should be invited to form a guideline as to how the project should be taken up and completed. The people of Pollachi Constituency, my Constituency, thank the hon'ble Ministers wholeheartedly.

Sir, more than this, I would request that a Road Over Bridge (ROB) should be built at Mullupadi railway gate between Kinathukadavu and Pollachi. The Kottur-Valparai railway gate should be widened and Road Over Bridge (ROB) should be built. A Road Over Bridge should be built in Udumalpet on the Dhalli Road rail crossing. One underground passage for two-wheelers should be built near Palaniandavar Nagar, Udumalpet. One Road Over Bridge should be built in Pollachi-Palghat Road at the rail crossing in the Pollachi town near Vadugapalayaam Pirivu. In Madathukulam, Udumalpet Taluk, the station should be upgraded to facilitate the stopping and going for Express Trains also. Now only Passengers Trains are stopping.

Sir, regarding the proposed budget for the year 2006-07, I am very happy to note that there is no rise in the passenger fares. Fifty-five pairs of new trains have been introduced. A reduction in First and Second AC fares by 18 per cent and 10 per cent respectively has been announced. Air-conditioned 'Garib Rath' has been introduced. There is Grameen Ticket Booking Service for the unemployed youth in the rural areas, and the agency will be given at roadside stations to the unemployed rural graduates. This is a very innovative scheme to solve

the unemployment problem in the country. Over 200 trains will become Superfast Trains. There will be world-class amenities in four popular trains. ATMs, cyber- cafes will be at major stations. This is the largest ever annual plan outlay of Rs.23,475 crore for the year 2006-07 ever since the railway budgets were produced. A number of coaches in Passenger Trains will be increased. A Special Recruitment Drive is on in the current year for filling up vacancies of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. So far, over 6,000 vacancies have been filled. This is to take care of the poor Scheduled Castes of the country. The Nilgiri Mountain Railway has been declared a World Heritage Site by UNESCO. This, along with Darjeeling Himalayan Railway, has been described as Mountain Railways of India. We are fortunate and proud of it. Infrastructural facilities for the rail line from Mettupalayam to Ooty should be provided to meet the international tourists[mks42].

Already, Udhagamandalam is a tourist centre and it should be improved further.

Now, I would make my last request. The Salem Division of the Railway is being contemplated. In fact, it has already been created and an officer has been posted there. But I would request that Coimbatore should also be included along with Erode and Udhagamandalam in the proposed Salem Division of the Railways.

With these words, I conclude. Thank you for giving me this opportunity.

SHRI A. SAI PRATHAP (RAJAMPET): Sir, I support the Railway Budget presented by our Hon'ble Railway minister Sri Laloo Prasad Ji for the year 2006-2007.

Sir, he has taken care of the interest of all sections in the society. Sir, it is one of Best Budgets I have seen since 1989. He has taken steps to raise the funds mainly to complete all on-going projects for the year 2005-06 and 2006-07. Sir, 246 ongoing works require Rs. 46,000/- crores for completion and again new list has been added to it for the year 2006-07.

Sir, I mainly speak about the list of works submitted by our Hon'ble Chief Minister, Sri Y.S.Rajasekhar Reddy of Andhra Pradesh for consideration.

Sir, our Chief Minister has given very few of the important works and he did not want to trouble Railway Ministry with more works. Sir, in the 2005-06 list of ROBs and RUBs 24 proposals have been submitted, out of which only 4 have been sanctioned for the year 2006-07. Another 18 have also been sent from the General Manager, South Central Railway. Sir, as you have stated State contribution is yet to be made, so you have clearly Stated about consideration of ROBs and RUBs connected to Andhra Pradesh. I am highly thankful in this regard. Sir, as regards my Constituency, I sincerely bring it to your kind notice that Dharmavarom Pakala

gauge conversion is pending since 1997-98. The total amount required was only Rs. 265 crores. Now, due to delay, the cost went up to Rs. 300 crores whereas you have released only Rs. 11 crores which is insufficient to start the work. At least you please release a sum of Rs. 30 crores for these works at the earliest. This line comes in a very backward area of Rayalaseema region in Andhra Pradesh and it will be more useful to farmers and people of backward community. Sir, secondly the new line which has been surveyed recently between Cuddapah – Banglaore via Madanpalli, the ROR factor has come up to 15.64 per cent. This is a quite viable project. As I mentioned to you earlier,

* The speech was laid on the Table.

Rayalaseema Regions' rainfall is below 500 mm, so farmers mainly depend on horticulture. This line will be more useful for transporting horticultural produce, (Banana, Mango, Beetle leaves, Potato, Orange, Lemon etc.) I sincerely appeal and request kindly to include this line in this Budget so that my people will ever remember your name and in the history of Rayalaseema your name will be written in the golden letters in the hearts of Rayalaseema people of Andhra Pradesh. I sincerely believe that you would kindly understood the feelings of Rayalseema people, and would consider this line in the Financial year 2006-07 itself.

Sir, you were kind enough to sanction Obulavaripalli and Krishnapatnam line in this Budget. This line will increase the revenue of Railways to the maximum. Sir, in South Central Railway particularly Guntakal Division itself fetching you Rs. 558 crores income whereas doubling and electrification work is still pending since long. I sincerely request you to advise the RVNL to take up the work as promised at the earliest to complete the same so that the revenue of Railways may touch Rs. 600 to Rs. 650 crores as per today's demand of transporting minerals like iron Ore, hi-grade Limestone, Granite, barytes, Soapstone, Dolamite and other hi-grade minerals.

Sir, Rajampet Parliamentary Constituency Headquarters which exists in Chennai – Mumbai line. Being my Parliamentary Headquarters, I request you to give stoppages of the Express Trains like recently started Sampark Kranti Express from Tirupati to Delhi Hazrat Nizamuddin and Mathura- Tirupati Exprss train for two minutes both ways so that I believe that Parliamentary Headquarters people will have faith and hope in hon. Railway Minister I humbly request the Hon'ble Railway Minister to provide all facilities to Station in the rural parliamentary segments like Rajampet and Kodur as compared to District Headquarters.

Finally, I being a senior-most M.P. of Andhra Pradesh, this is my 5th Term, I have been requesting since 1989 for the above proposals. I humbly pray to accord special importance for the proposals backward areas of Rayalaseema region, as I have mentioned above. As we all

know about you personally and will further develop an image yourself that you are the man to help the backward area people.

डॉ. रामकृण कुसमरिया (खजुराहो) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं समझता था कि माननीय लालू जी राट्रीय रेल मंत्री होंगे, लेकिन वह बिहार तक सीमित रह गये और 55 गाड़ियों में से 15 गाड़ियां उन्होंने पटना से चलाने की घोाणा कर दी। इसके कारण उनके सहयोगी वामपंथी लोग भी उनके विरोधी हो गये। इसके अलावा अनेक मैम्बरों और अन्य जगहों से भी विरोध के स्वर उभर कर सामने आये हैं। रेल बजट में मध्य प्रदेश की घोर उपेक्षा हुई है। इसके अतिरिक्त राजस्थान, कर्नाटक, झारखंड, तमिलनाडु आदि प्रदेशों के अलावा उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम की भी उपेक्षा हुई है, यानी एक अच्छा बजट पेश करने के बाद भी लोगों की नाराजगी हाथ लगी, यह दुखद बात है। आखिर ऐसा क्यों हुआ।

आपने बड़ी चतुराई के साथ बजट प्रस्तुत किया है। अब यह कहना कि रेलवे के किराये में वृद्धि नहीं हुई, बिल्कुल सच बात है और इसके लिए हम मंत्री जी का धन्यवाद भी करते हैं, लेकिन इतनी चालाकी और चतुराई से लोगों की जेब से पैसा निकाला गया है कि गाड़ियां वही हैं, उनका नाम सुपर फास्ट हो गया और आम आदमी आम की जगह खास हो गया। इनमें किराया तो सुपर फास्ट का ही लगेगा। ऐसा करके मंत्री जी ने वाहवाही भी लूटी, यात्रियों की जेबों से पैसा भी निकाल लिया और कहने को यह हो गया कि हमने कोई किराया नहीं बढ़ाया।

सभापति महोदय, एक चमत्कार नई गाडियां चलाकर किया गया और कुछ गाड़ियों के बारे में कह दिया कि ये आमान परिवर्तन के बाद चलेंगी। जब आमान परिवर्तन हुआ ही नहीं है, तो घोाणा करने की क्या आवश्यकता थी। यह आपने इसलिए किया ताकि लोगों में एक हवा बने, लोकप्रियता बढ़ाने के लिए यह ढोंग और ऐलान आपने कर दिया, लेकिन आमान परिवर्तन कब होगा और कब गाड़ियां चलेंगी, इसका कुछ पता नहीं है।

आपने गरीब रथ चलाया, यह बड़ी खुशी की बात है, लेकिन क्या यह गरीबों की पहुंच के भीतर है? आम गरीब आदमी जो साधारण टिकट खरीदने में हैरान है, क्या वह गरीब रथ का टिकट खरीद पायेगा? मुझे ऐसा लगता है कि गरीब रथ गाड़ी केवल बड़े लोगों के लिए चलाई गई है, लेकिन बड़े लोगों की होने के कारण गरीबों को उसमें जगह नहीं मिलेगी। मैंने यह भी सुना है कि लालू जी बड़ी पैनी नजर रखते हैं। हमारा इलाका बुंदेलखंड कितना गरीब है, लेकिन इनकी नजर वहां नहीं गई। यदि एक गरीब रथ वहां भी चला देते तो क्या हो जाता। लेकिन इन्होंने बुंदेलखंड के साथ क्या किया - वहां जो एक ट्रेन बुंदेलखंड एकसप्रैस चलती थी, उसे सुपर फास्ट में बदल दिया और उसके 14 स्टापेज बंद कर दिये। जिस बुंदेलखंड में यात्रियों को और सुविधाएं देने की आवश्यकता थी, वहां इस ट्रेन के 14 स्टापेज आपने बंद कर दिये। मेरा निवेदन है कि उन्हें पुनः चालू करा दें। बुंदेलखंड में ओरछा एक बहुत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, जहां विदेशी पर्यटक आते हैं लेकिन उसका स्टापेज आपने भी बंद कर दिया और पर्यटकों तथा यात्रियों की यात्रा में अड़चन पैदा कर दी। इसलिए मेरा कहना है कि गरीब रथ गरीब लोगों के लिए रहे, यह बड़े लोगों के लिए न बन जाए, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, आपने गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाई है, लेकिन इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि हमारी पटरियां कैसी हैं। आपको मालूम होगा कि 50 हजार पुल 19वीं सदी के हैं, 12 हजार किलोमीटर रेल मार्ग के तत्काल नवीनीकरण की आवश्यकता है और 35 हजार कोचेज को रिटायर करने की आवश्यकता है - उनके विाय में आपने कुछ नहीं BÉEcÉ[R43]।

18.00 hrs.

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, I have a very long list of Members who want to speak. The hon. Minister of State for Parliamentary Affairs wants to make a submission in this regard.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B. K. HANDIQUE): Mr. Chairman, Sir, as there is a long list of Members, not less than 30, who want to participate in this debate, the sitting of the House needs to be extended so that we can exhaust the list.

श्री लालू प्रसाद : आप समय बढ़ा दीजिए। हमने भोजन के लिए ऑलरेडी आदेश दिया है, सभी माननीय सदस्यों और स्टाफ के सभी लोगों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। असल में लोग बोल-बोल कर निकलते जाते हैं। हमारा कहना है कि जो माननीय सदस्य बोल लें, उन्हें भी यहां रहना चाहिए तो अच्छा रहेगा।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, if the House agrees, the time for this discussion may be extended by three hours.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.… (*Interruptions*)

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, मेरा कहना है कि जब तक सभी माननीय सदस्य बोल न लें, तब तक हाउस एक्सटेंड किया जाए।

MR. CHAIRMAN: The sitting of the House is extended by three hours.

डॉ. रामकृण कुसमरिया : महोदय, मैं निवेदन कर रहा था कि आपने कुछ गाड़ियों की रफ्तार बढ़ा दी, लेकिन पटरियां ठीक नहीं हैं। पुल पुराने 19वीं सदी के हैं, इसलिए पहले इन सब को बदलने की आवश्यकता है, तब यह रफ्तार बढ़े।

महोदय, मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इन्होंने सुपर फास्ट बना दिया और उसके 14 स्टोपेज बंद कर दिए। इन्हें जो तैयारी करना चाहिए थी, सुपर फास्ट के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना था, वह नहीं हुआ। उसका परिणाम यह हुआ कि दतिया में एक्सीडेंट हुआ। उस एक्सीडेंट में 28 लोग मृत हुए और सौ-डेढ़ सौ लोग घायल हुए, जान-माल एवं रेलवे का नुकसान अलग हुआ। मेरा निवेदन है कि पहले आप पूरी तैयारी कर लें, उसके बाद उन्हें सुपर फास्ट बनाएं ताकि लोगों की सुरक्षित यात्रा हो सके। पिछली बार जब आपने पहली बार चार्ज लिया था, पहला बजट पेश किया था तो आपके बिहार में ही लूट-पाट की घटना हुई थी। अभी पिछले दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में कोरबा और ि वशाखापट्टनम की जो लिंक एक्सप्रेस गाड़ी है, उसमें डकैती हो गई।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : वह पकड़ा गया।

18.04 hrs. (Mr. Deputy Speaker in the Chair)

डॉ. रामकृण कुसमरिया : भोपाल से बिहार और झांसी के बीच में एक महिला के साथ बलात्कार हुआ था। माननीय लालू जी से मेरा कहना है कि रेल की यात्रा सुरक्षित हो, उसमें लोग सुरक्षित हो करके यात्रा कर सकें, इसके लिए उसमें सुरक्षा का प्रबंध भी करने की आवश्यकता है। इस पर विशो ध्यान देने की कृपा करें।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ बातों की तरफ आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। खजुराहो, ओरछा और पूरा बुंदेलखंड का इलाका पर्यटन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खजुराहो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, लेकिन वहां आवागमन की सुविधा नहीं है। आपने जो ललितपुर-सिंगरौली रेल मार्ग दिया है, उसमें आपने फंड बहुत कम दिया है। महोवा और खजुराहो की लाईन पूरी दी है, इससे पर्यटक महोवा से खजुराहो आ सकता है। इसी तरह ललितपुर-सिंगरौली और ललितपुर से खजुराहो लाईन भी यदि पूरी होती है तो भी ललितपुर और झांसी से पर्यटक आ सकते हैं। आपने 30 करोड़ रुपया दिया है, जब कि दोनों मार्गों को पूरा करने के लिए सौ करोड़ रुपए की आवश्यकता है। हमारी जी.एम. के साथ बैठक हुई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि यदि इतना मिलता है तो वे दोनों मार्ग पूरे हो जाएंगे और तत्काल आवागमन शुरू हो सकता है। हमारी आपसे गुजारिश है कि उसे आप शीघ्र पूरा करेंगे तो बुंदेलखंड के पर्यटन में इज़ाफा होगा और उससे रेल को भी फायदा होगा[R44]। इससे उस इलाके का भला होगा और लोगों को रोज़गार मिलेगा। रेल मंत्री जी से मध्य प्रदेश के लिये जाने-अनजाने कैसे उपेक्षा हो गई, उस ओर ध्यान देना होगा। ललितपुर-सिंगरौली के लिये कम पैसा दिया गया है। ललितपुर-गोंदिया गेज़ कनवर्ज़न किया जाये। सतना-रीवा रेल मार्ग को मिर्जापुर तक बढ़ाया जाये लेकिन बजट में इस बारे में कुछ भी नहीं कहा गया। इन्दौर-मनमाड तक नई रेल लाइन बिछानी है। इसके अलावा मानिकपुर-इलाहाबाद का दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण का प्रस्ताव है। मानिकपुर और इलाहाबाद के बीच में सभी ट्रेनें सिंगल लाईन पर चलती हैं, इससे सब ट्रेनें लेट हो जाती हैं। यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और विद्युतीकरण भी किया जाये। जबलपुर-दमोह-पन्ना खंड का सर्वेक्षण हुआ था। अगर रेल मंत्री जी आशीर्वाद देंगे तो सारा पिछड़ा हुआ बुदेलखंड इलाका मेन लाइन से जुड़ जायेगा और इससे विकास का रास्ता खुलेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, बुंदेलखंड में तुलसी एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन चलती है। आप जानते हैं कि सात फेरों का कितना महत्व है। यदि यह गाड़ी भी सात फेरे की कर दी जाये तो बुंदेलखंड का काया-कल्प हो जायेगा। इसी प्रकार हबीबगंज-भोपाल एक्सप्रेस का स्टॉपेज ललितपुर में दिया जाये। इससे टीकमगढ़ के पूरे इलाके को सुविधा प्राप्त हो जायेगी। मैं एक ि वशो निवेदन रेल मंत्री जी से करना चाहूंगा कि ललितपुर- खजुराहो रेलमार्ग दो रेल खंडों में विभाजित है। ललितपुर-मवई तक इलाहाबाद जोन में है जबकि मवई-खजुराहो जबलपुर जोन में है। जबलपुर के अधिकारीगण इसके विकास कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे हैं और न ही कोई काम कर रहे हैं। उनका मन काम करने का नहीं है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि मवई-खजुराहो खंड भी इलाहाबाद जोन में कर दें ताकि उनके पास जो स्टाफ है, वह काम कर सके। अगर यह काम जल्दी हो जाये तो कृपा होगी।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ जो बजट लालू जी ने प्रस्तुत किया है, उन्होंने गरीबों के प्रति जो हमदर्दी दिखाई है, उसके लिये धन्यवाद। हमें आशा है कि रेल मंत्री के प्रयासों से रेल का और विकास होगा। दुर्ग से नई दिल्ली छत्तीसगढ़ सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस का स्टॉपेज दमोह में दिया जाये। 12 हजार किलोमीटर रेलमार्ग का नवीनीकरण किया जाये। ओरछा, खजुराहो में पर्यटन का विशो महत्व है। पन्ना के मन्दिर, नेशनल पार्क,मगरमच्छ सैंक्चुरी, पांडव फाल और शारंग मन्दिर पर्यटन स्थल में आते हैं। इसलिये बुंदेलखंड का स्टापेज आवश्यक है।। ताज एक्सप्रेस को ग्वालियर से झांसी तक एक्सटैंड किया जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can lay your speech on the table of the House.

डॉ. रामकृण कुसमरिया : महोदय, मैं अपना शो भााण सभा पटल पर रखता हूं।

*महोदय, बुंदेलखंड में पर्यटन का विशे महत्व है। लोग विदेशों से खजुराहो ऐतिहासिक स्थल को देखने के लिए आते हैं। ओरछा और कालिंजर, अजयगढ़ में काफी पर्टक आते हैं। मेरी मांग है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस का स्टापेज बहाल किया जाये। *

*…. * This part of the speech was laid on the Table.

SHRI BIR SINGH MAHATO (PURULIA): Sir, I would like to lay my speech on the Table of the House due to the paucity of time.

The present Budget estimates 2006-07 for the Indian Railways have welcomed by most of the people. Railway's passenger fares and freight rates have remained unvarying for all seasons and for all routes which have dispelled the apprehension of increasing of fare and freight rates.

The introduction of fully air-conditioned Garib Rath will be an affordable service to passengers in long-distance train. This super fast AC Garib Rath should also be introduced in between Delhi and Kolkata. There was long standing demand of the people of Purulia and Bankura in West Bengal for a passenger train from Bankura to Ranchi. A number of people go to Ranchi, the capital of Jharkhand. for education, medical treatment and for business purpose. I congratulate the Minister for fulfilling the demand by proposing the introduction of a passenger train from Bankura to Ranchi *via* Purulia.

A number of rural people of Midanpore Bankura and Purulia do not see the train. This is a backward and tribal-dominated hilly area. There is a long-standing demand for new railway line between Jhargram and Purulia in SER. I have been raising this issue several times in Parliament for the last 12 years. On the basis of this demand, a survey for construction of a new broad gauge between Jhargram and Purulia had been conducted in the year 1999-2000. The survey report had revealed that the cost of construction of this 136.24 km. long line would be Rs. 267.65 crore. I was told that in view of acute constraint of resources, the proposal could not be considered.

An updating survey had been included in the 2004-05 Budget and that survey report has been completed. As ill luck would have it, there is no mention about the railway line of Jhargram Purulia. Sir, rail service is not the commercial

* The speech was laid on the Table.

service. It has social responsibility. Therefore, construction of railway line has been seen in North Eastern region and Jammu and Kashmir.

In view of the social responsibility of the Railways, I would therefore urge upon the hon. Railway Minister to include the construction of a new broad gauge line in between Jhargram and Purulia under South-Eastern Railway.

I would also request the hon. Minister to construct a level crossing near Kat Sila junction in Adra Division. Large number of people have been suffering while coming to Kat Sila Bazar. A number of students cross the railway line every day. Very often accidents take place.

उपाध्यक्ष महोदय : लालू जी, आज तो अपोज़ीशन भी आपकी तारीफ कर रहा है।

I would like to inform the hon. Members that I have a list of more than 75 hon. Members who are yet to speak. First of all, I would like to request the hon. Members who wish to lay their speeches on the Table of the House to do so. That will form part of the proceedings.

Secondly, I would also request each hon. Member to be very brief and conclude within five minutes.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपकी इज़ाजत से इस साल के रेल बजट के हक में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं। जो रेल बजट पेश किया गया है, यह ज़मीनी सतह से जुड़ा हुआ है। जो तवज्जह दी गई है, उसमें पाक, साफ सोच है।

मैंने ऑनरेबल रेलवे मिनिस्टर से कहा था कि आप लालू जी, वेलू जी और राठवा जी अपना-अपना नाम थोड़ा चेंज कर लें क्योंकि तीनों नाम एक दूसरे से मिलते हैं लेकिन इन्होंने चेंज नहीं किया cè[RB45]। मैं कहना चाहूंगा कि ये तीनों ही मंत्री और इनके स्टाफ ने बेहतरीन सोच के मुताबिक बजट पेश किया है। यह यूपीए की बहुत बड़ी उपलब्धि है जिन्होंने गरीब लोगों और खासकर पसमांदा लोगों को इसमें काफी सुविधाएं दी हैं। इनसे यही उम्मीद की जा सकती थी। एक ज़मीन से जुड़ा इंसान जब कुर्सी पर बैठे तो उसे अपनी ज़मीन नहीं छोड़ देनी चाहिए। कई लोगों का तो दिमाग ही खराब हो जाता है। मैं समझता हूं कि लालू जी ने अपनी सोच और नज़रिये को नहीं बदला, इसके लिए मैं इनको मुबारकबाद देता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : अब काम की बात भी करें।

चौधरी लाल सिंह : मैं काम की बात पर आऊंगा। आप नहीं थे तो सभापति जी ने कहा कि तीन घंटे हाउस को बढ़ाना है। मैंने ज़ोर से कहा कि बढ़ा दो। मैंने इसलिए कहा क्योंकि उससे मुझे कुछ मिलना ही है। …(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : इसलिए मैंने आपको पहले समय दिया है।

चौधरी लाल सिंह : मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि मेरी पूरी स्टेट जम्मू कश्मीर की एक ही सबसे खास डिमांड है। अगर मंत्री जी वह पूरी कर दें तो मैं अभी बैठ जाता हूं। इनको कहो कि मेरी बात मानें। मुझे डीआरएम ऑफिस चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : यह मेरे बस की बात नहीं है।

चौधरी लाल सिंह : आपके द्वारा वाया भटिन्डा बात हो सकती है। आप देखें कि 1947 से पहले 1926 में फिरोज़पुर में एक डीआरएम ऑफिस बना था। उस वक्त की ब्रिटिश गवर्नमैंट ने उसको बनाया था। उसके आगे पठानकोट तक का 500 किलोमीटर का डिसटैन्स है। उसमें आज तीन डीआरएम ऑफिस बन चुके हैं। वहां से लेकर आगे हमारे कठुआ से शुरू करें तो बारामुला तक 700 किलोमीटर का डिस्टैन्स बन चुका है। हमें यह जरूरत समझनी चाहिए कि आज एक डीआरएम ऑफिस जम्मू-कश्मीर में मिलना चाहिए। आप रेलवे के स्टाफ की प्रॉबलम को देखें जिनको दूर फिरोज़पुर से बारामुला और काज़ीकुंड की तरफ जाना पड़ता है। वे कटरा की तरफ जाते हैं, उधमपुर की तरफ जाते हैं। वहां इतना काम हो रहा है, इतनी कंस्ट्रक्शन हो रही है। इनके पूरे स्टाफ को तकलीफ हो रही है। एक छोटे से काम के लिए टैन्डर लगता है तो फिरोज़पुर जाना पड़ता है। एक इंजीनियर को भी वहां से आना पड़ता है। मैं जो बात हिन्दी में बोल रहा हूं, वेलू जी उसको अंग्रेज़ी में समझ गए होंगे और लालू जी तो हिन्दी बिल्कुल समझते हैं। मैं कहूंगा कि डीआरएम ऑफिस बना देंगे तो हिस्टारिकल बात होगी। इसके अलावा जम्मू कश्मीर के लिए आप जो अनाउंसमैंट्स करते आए हैं, मैं उसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं। समय की कमी है इसलिए मैं उन सबके बारे में नहीं बता पा रहा हूं जो इन्होंने किया है। करीब 2092 करोड़ रुपये का पैकेज नॉर्थ ईस्ट और जम्मू कश्मीर को दिया जिसमें बारामुला तक रेल लाइन ले जाने की बात भी है। मैं इसके लिए मंत्री जी को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। पंजाब में जो 78 किलोमीटर जालंधर से लेकर जम्मू तक डबल लेनिंग का काम हो रहा है, इसके लिए भी मैं मंत्री जी को मुबारकबाद देता हूं। एक नई वीकली ट्रेन शुरू कर रहे हैं सोनपुर, छपरा, जम्मू तवी मयूरध्वज एक्सप्रैस और जबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रैस, उसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं। …(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Thank you.

चौधरी लाल सिंह : आज थैंक यू नहीं हो सकता है। सवाल ही पैदा नहीं हो सकता। यह तो गला घोंटने वाली बात हो जाएगी। आप मेरी बात सुन तो लें। मैं इसके लिए आपका शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। मेरी डिमांड सुनें, मैं दो मिनट में खत्म कर रहा हूं और आहिस्ता आहिस्ता पॉइंट पर आ रहा हूं। शताब्दी एक्सप्रैस जम्मू तक कोई नहीं चलती। एक शताब्दी पठानकोट तक चलाई है। पठानकोट से कठुआ 18 किलोमीटर है[h46]। ये सारी ट्रेनें वहां जाएंगी तो जम्मू-कश्मीर जुड़ जाएगा। जम्मू को शताब्दी ट्रेन जल्दी देनी चाहिए और जो सीधी ट्रेन उधमपुर जम्मू से देहरादून जाती है, इसे जोड़ना जरूरी है और एक additional trains to Haridwar from Jammu during the festivals चलानी चाहिए। जब अमावस्या, नवरात्रे, लोहड़ी या गंगा स्थान के लिए लोग जाते हैं तो उस समय हमें एक विशो ट्रेन की आवश्यकता होती है। दूसरे राज्यों में विशो ट्रेनें चलाई जाती हैं। मैंने पहले भी कहा था और यह मान भी लिया था कि हम ट्रेन देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके साथ जो लोग वहां से मुतासिर हुए हैं, विशोकर किसान, जिनकी जमीन पटरी बनने के कारण चली गई। इसके लिए यह तय हुआ था कि वहां के प्रभावित परिवारों को उनकी योग्यता के मुताबिक नौकरी मिलेगी, लेकिन अफसोस है कि उन्हें नौकरी नहीं दी गई। हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कम्पनी, कोंकण रेलवे, एनएचपीसी संस्थाएं काम कर रही हैं, ये संस्थाएं काम को आगे सब-लेट करती हैं। इतना शोाण है कि एक ठेकेदार काम लेता है और उसके बाद काम को आगे बेच देता है और वह और आगे बेच देता है। इसका मतलब है कि काफी घोटाला है। यह बात देखनी चाहिए कि कौन लोग ऐसा कर रहे हैं। इसके साथ extension of Jammu Mail train from Jaipur to Ajmer station भी जरूरी है। यह जयपुर में जाकर छह घंटे खड़ी रहती है। अगर यह अजमेर चली जाए तो कश्मीर और जम्मू के लोग वहां जा कर अपना पूजा पाठ कर सकते हैं। साथ ही Introduction of direct train between Udhampur/Jammu and Dehradun की जाए। राजधानी ट्रेन रोजाना

आनी चाहिए। वैणों माता के दर्शन के लिए सारे लोग इसी ट्रेन से आते हैं। मंत्री जी भी वैणों माता के भक्त हैं और ट्रेन का नाम वैणों माता के नाम से रखा जाए। दूसरा यह मैजोरिटी एरिया है। डोडा जो 12000 स्केयर किलोमीटर है, उसे नहीं जोड़ा गया है। जिसमें डोडा, भद्रवा, किश्तवाड है। वहां बहुत बड़े राजा थे। मैं चाहता हूं कि यह पठानकोट से बसोली, बसोली से भद्र वा, भद्रवा से डोडा किश्तवाड जाए ताकि 12 हजार स्केयर किलोमीटर का रास्ता कवर हो पाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

Now, I call Dr. M. Jagannath to speak.

चौधरी लाल सिंह : महोदय, सिर्फ एक मिनट का समय और दीजिए। दयालेचक फ्लैग स्टेशन है। श्री वेलु जी से जवाब मिला था, उन्होंने कहा था कि जम्मू में कोई अस्पताल नहीं है। इनका अस्पताल है। वहां बुरी हालत है। इनके कर्मचारियों के लिए वहां एक स्कूल भी है। उसकी जर्जर हालत है। वहां कर्मचारी बहुत परेशान हैं। इन्होंने फैसला किया था कि बास्लीपुर फैक्टरी उधमपुर में घोाित की थी। माननीय प्रधानमंत्री जी उसका उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एक कोच फैक्टरी कटुआ देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down. Now, Dr. M. Jagannath.

… (*Interruptions*)

* CHAUDHARY LAL SINGH : Now, I lay the rest of my speech.

Upgradation/construction:

Conversion of Chak Dalaya Station from Flag Station to Crossing Station.

Upgradation of Railway Hospital at Jammu.

Upgradation of Railway School at Jammu.

*…. * This part of the speech was laid on the Table.

Construction of Railway Coach Factory/industries at Jammu. No Railway workshop, no Traffic Accounts Office, no Railway Coach Factory at Jammu.

Upgradtion of Ghagwal Railway Station.

Need to construct a footover bridge at Kathua Station.

Expansion of 1st AC class coach.

Provision for Enquiry Counters.

Extension of Stoppage of all trains not less than five minutes.

Miscellaneous Demands:

Speedy completion of Udhampur-Srinagar-Baramulla new line project scheduled to be completed by 2006-07.

Starting of Sleeper Factory announced during the inaugural function of Udhampur Railway Station.

Request for sportspersons in the Indian Railway Teams from Jammu & Kashmir.

Construction of Diesel Shed at Jammu & Kashmir.

DRM Office for Jammu.

Stoppage of Super Fast Trains at Kathua/Ghagwal Stations.

Provision for Railway Recruitment Board at Jammu.

Post of Chairman of RRB Jammu and Srinagar as political post and Chairman of RRB from Jammu & Kashmir.

Mini Railway Hospital at Kathua.

Stoppage of Malwa Express at Kathua.

Provision of Higher bridges/crossing:

Lakhanpur, Crossing, Jagatpur, Matandi, Kharote, Logate, Barwal, Budhi, Ghatti, Jasrota, Amala, Chhann, Saswan, Chandwan, Chhan Khatrion, Ghagwal, Chhan Morian.

Two companies of Railway Police were sanctioned but they were diverted.

There should be one train with the name of Shri Mata Vaisho Devi.*

SHRI M.P. VEERENDRA KUMAR (CALICUT): First of all, I would like to comment on the improvement in Railways Finance. Five years ago, an expert committee had written off the Railways as it was heading towards a terminal debt trap. Today with a balance of Rs. 11,280 crore, the Railways seem to be on a better track.

But my party disapproves the move to privatise railway services. There is a proposal to handover the container movement service to private parties. Moreover, container depots and container parks will also be given to private parties. The catering service, cleaning of railway station and the trains are also going to be handled by private parties. I wonder why Railway Minister wants to handover these services to private sector. Handing over railway gradually to private sector will be disastrous.

Also, Sir, I fail to understand the economies behind the 'Garib Rath'. According to the budget, the passengers have to pay little lesser than AC III class fare to travel in those trains. Which 'Garib' can afford to have the service of these new trains? The 'Garib Rath' may help to beat the competition from low fare carriers but not definitely going to help the poor.

It has also been reported that there were 240 major projects worth Rs. 47,000 crore pending as on March 2005. A perusal of pending projects shows that as many as 33 projects are pending for more than a decade. Even though substantial sums have been invested on some of these projects, yet they are still lingering on. Therefore, I request the hon. Minister to come out with a strategy for the speedy implementation of such projects.

MR. CHAIRMAN: You please lay it on the Table. You are reading.

… (*Interruptions*)

* Not Recorded.

***श्री के.सी.सिंह 'बाबा' (नैनीताल):** महोदय, सर्वप्रथम रेलवे का तीसरा लगातार व सर्वलोकप्रिय बजट पेश करने के लिए मैं माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को हार्दिकतम बधाई देता हूं । इस रेल बजट में जहां रेलवे के चहुंमुखी विकास की प्रक्रिया की गति को बनाए रखने का प्रयास किया गया है वहीं आम आदमी के लिए कराए को नहीं बढ़ाया गया है । मैं कुछ बिन्दु उत्तरांचल जैस नव निर्मित राज्य जो कि मात्र उत्तरांचल राज्य के निवासियों मात्र का गन्तव्य स्थान न होकर पूरे विश्व की पर्यटन स्थली है जहां पर चार धाम, पीरान कलियर, अन्तर्राट्रीय ख्याति के गुरूद्धारे क्रमशः हेमकुण्ठ साहब, नातक मत्ता व रीठा साहब के अलावा विश्व विख्यात वन्य जन्तु व पक्षी अरण्यगृह, पर्यटकों के अनूठे व सुन्दरतम पर्यटक स्थल स्थित है । हरिद्वार तथा पर्वतीय क्षेत्रों के तीर्थ स्थानों पर प्रत्येक मास में गंगा स्थान, इत्यादि से लेकर अनेक त्यौहारों के लिए प्रत्येक मास में लगभग तीन विशाल जन-समागम होते ही हैं । इस प्रकार उत्तरांचल की जनसंख्या से कई गुणे अधिक यहां पर आने वाले सभी प्रकार के राट्रीय व अंतर्राट्रीय पर्यटकों/तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के संदर्भ में उत्तरांचल में रेल सेवाओं के विस्तारण किए जाने हेतु आपके माध्यम से तथा इस महान सदन की सर्वसम्मति से माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में निम्न बिन्दु मुख्यतः लाना चाहता हूं ।

महोदय, उत्तरांचल राज्य चीन-तिब्बत व नेपाल की विशाल सीमा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है । हमारे पड़ोसी राज्य नेपाल की राजनैतिक घटनाक्रम एवं माओवाद के संदर्भ में सुरक्षा को दृटिगत रखते हुए भारत सरकार तथा उत्तरांचल राज्य के हमारे वरिठ, अत्यंत अनुभवशील लोकप्रिय मुख्य मंत्री जी विशो सुरक्षा व्यवस्था करने में लगे हुए हैं । वहां के माओवादी बड़ी आसानी से सीमा पार कर उत्तरांचल में प्रवेश कर सकते हैं । मान्यवर, यह केवल उत्तरांचल की सुरक्षा का ही प्रश्न नहीं है, देश की

सुरक्षा से जुड़ा एक अत्यंत संवेदनशील प्रश्न है । युवाओं को बरगलाकर राट्रीय सुरक्षा के लिए किस प्रकार खतरा उत्पन्न कराया जा सकता है, सह सर्वात सत्य है । हमें अपने पूर्व के अनुभवों के आधार पर इस ओर अधिक सावधानी पूर्वक उपाय एवं कार्य करने होंगे तभी इस प्रकार की समस्याओं से बचा जा सकता है । उत्तरांचल जैसे नए राज्य के लिए इस प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों का विशे ध्यान आवश्यक है ।

….. This part of the speech was laid on the Table.

महोदय, उत्तरांचल के माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी अनेक बार रेल मंत्रालय को इस बारे में अनेकानेक पत्राचार व वार्तालाप की हैं तथा मैंने भी इस बारे में लिखा है । परन्तु इस रेल बजट में इस ओर कोई विशे ध्यान नहीं दिया गया है । माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं तथा पुनः उन बिन्दुओं पर स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध करता हूं जो मुख्यतः इस प्रकार हैं-

दिल्ली से देहरादून के लिए बहुत अधिक यातायात की आवश्यकता है, जैसा कि वर्तमान में चल रही रेलगाड़ियों की यात्री संख्या से स्वतःसिद्ध है, दिल्ली देहरादून मार्ग को मुजफ्फरनगर से लकसर सीधे रेल लाइन बनाकर जोड़ देने से जहां सीधी रेल सेवा के कारण समय में बचत हो सकेगी वहीं यात्री संख्या में हो रही लगातार वृद्धि को देखते हुए रेलवे को अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाने में भी सुविधा होगी । इस बिन्दु पर विशे रूप से माननीय मुख्य मंत्री उत्तरांचल ने माननीय रेल मंत्री जी को इस र्वा के रेल बजट में इसे सम्मिलित करने हेतु विशे अनुरोध भी किया है ।

लक्सर से देहरादून वाया हरिद्वार रेल लाइन दोहरीकरण अत्यंत आवश्यक है जिसका क्रियान्वयन लंबित होने के कारण इस महत्वपूर्ण सैक्शन का विद्युतीकरण भी रुका हुआ है तथा एकल लाइन के कारण यातायात में अवरोध भी रहता है ।

उत्तरांचल की राजधानी वर्तमान में देहरादून है तथा हाई कोर्ट नैनीताल में है लोक सेवा आयोग हिरद्वार में है तो माध्यमिक शिक्षा परिाद, रामनगर, जिला नैनीताल में है । मान्यवर, कुमाउं मंडल के अंतर्गत धारचूला से देहरादून एवं गढ़वाल मंडल के चमोली-उत्तर काशी से नैनीताल/रामनगर पिथौरागढ़ जाने में यहां के जनमानस को दो दिन का सम लगता है । काठगोदाम-टनकपुर तथा रामनगर से कोटद्वार होते हुए देहरादून के लिए रेल का कनेक्शन अत्यंत आवश्यक है । टनकपुर को जाने वाली रेल लाइन को त्वरित गति से ब्राड गेज में किया जाना आवश्यक है । मेरा अनुरोध है कि टनकपुर, काठगोदाम एवं रामनगर से वाया कोटद्वार एक दैनिक रेल चलाए जाने की स्वीकृति भी आवश्यक है ।

टनकपुर से देहरादून सीधे सम्पर्क अर्थात उत्तरांचल के एक मैदानी छोर से दूसरे मैदानी छोर को जोड़ने हेतु भविय में किच्छा सितारगंज खटीमा रेल मार्ग बन जाने के पश्चात काशीपुर से नजीबाबाद हेतु नई रेल लाइन का निर्माण होने से पर्यटकों के साथ-साथ यहां के निवासियों को सुविधा प्राप्त होगी । इस रेल लाइन से संबंधित काशीपुर-जसपुर-धामपुर में रेलवे लाइन निर्माण के लिए सर्वे कराया गया है

इस बजट में देहरादून से काठगोदाम हेतु सप्ताह में मात्र दो दिन के लिए दो बोगियां चलाई जा रही हैं उन्हें तीन दिन के लिए बढ़ाया गया है, जो कि पर्याप्त नहीं है, हाई कोर्ट एवं राजधानी में सीधे सम्पर्क तु इस मार्ग हेतु एक पृथक दैनिक रेल की नितान्त आवश्यकता है ।

काठगोदाम से दिल्ली हेतु चलाई जा रही वर्तमान सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस में यदि रानीखेत एक्सप्रेस की तरह इस रेलगाड़ी में भी रामनगर से तीन बोगियां लालकुआं पर जोड़ दी जाएं तो रेलवे पर बिना अधिक अधिभार के इसे यहां की जनता

व पर्यटकों को भी दिन के समय चलने वाली एक रेल का लाभ प्राप्त होगा

रामनगर स्थित अंतर्राट्रीय ख्याति के नेशनल कार्बेट पार्क तथा काठगोदाम से नैनीताल एवं अन्य विश्व ख्यातिप्राप्त रमणीय पर्यटक स्थलों के भ्रमण हेतु देश विदेश के लाखों पर्यटक आते हैं । उत्तरांचल राज्य की स्थापना भी हो गई, परन्तु रानीखेत एक्सप्रेस में क्रमशः काठगोदाम एवं रामनगर दोनों स्थानों हेतु प्रथम एसी व रामनगर हेतु तृतीय एसी बोगी की कितने समय से चली आ रही मांग पर रेल मंत्रालय से इस पर त्वरित कार्यवाही की आशा की जाती है । साथ ही रामनगर हेतु दिल्ली से एक डायरेक्त ट्रेन चलाए जाने के कई र्वाों से लंबित मांग पर विचार किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है, चूंकि मुरादाबाद मिलान पर रामनगर के यात्रियों को डेढ़ घंटे से अधिक प्रतीक्षा करनी पड़ती है ।

तराई क्षेत्र में पंजाबी समुदाय की विशो उपस्थिति से इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है, यहां का अंतर्राट्रीय ख्याति का नानकमत्ता स्थित गुरुद्वारा तथा चम्पावत जिले में स्थित रीठा साहब तथा पूर्णागिरी जैसे विश्वविख्यात तीर्थ स्थलों के लिए अमृतसर एवं जम्मू तवी हेतु काठगोदाम एवं देहरादून से एक सीधी रेल चलाए जाने की मांग र्वाों से लंबित है । इस पर आशा है रेल मंत्री जी विशो ध्यान देने का कट करेंगे । इसी प्रकार चण्डीगढ़ के लिए भी देहरादून तथा काठगोदाम से शताब्दी/जन शताब्दी तरह की एक रेल की आवश्यकता है ।

रामनगर मार्ग पर उत्तरांचल सीमा प्रारंभ होने पर पहला स्टेशन महुआखेउ है, इसके बाद काशीपुर आता है । माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस मार्ग पर चलने वाले सभी रेलों को इस स्टेशन रूकने की व्यवस्था की जाए ।

उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस हल्द्वानी पहुंचने से पहले हल्दी स्थान पर नहीं रूकती है जो कि वास्तव में प्रख्यात गोविन्द वल्लभपन्त कृाि विश्वविद्यालय का स्टौपेज है तथा उत्तरांचल का एक नव निर्मित विशाल औद्योगिक स्थल भी है, चहां पर सभी रेलगाड़ियों के रूकने की व्यवस्था नितान्त आवश्यक है ।

ऋाकिेश से देहरादून हेतु नए रेल मार्ग का निर्माण भी पर्यटकों के लिए सुविधा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा ।

पूर्व में किसी समय ऋाकिेश से देवप्रयाग/बद्रीनाथ के लिए तथा इसी प्रकार रामनगर से चौखुटिया - जिला अल्मोड़ा के लिए रेलमार्ग के निर्माण के संबंध में सर्वे किए गए थे । आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं । रेल मंत्रालय ने कोंकण रेलवे एवं जम्मू कश्मीर में उधमपुर के लिए जिस प्रकार रेल सुविधाओं का कीर्तिमान स्थापित किया है, अंतर्राट्रीय गंतव्य के उत्तरांचल राज्य, जहां पर्यटन एवं तीर्थ स्थानों के साथ-साथ पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है, यदि यहां पर इस प्रकार की कोई योजना बनाई जाती है तो इस कार्य से जहां भारतीय रेल को अंतराट्रीय ख्याति मिलेगी वहीं देश विदेश के पर्यटकों को इस सुविधा से लाभ मिलेगा तथा उत्तरांचल जैसे नव सृजित राज्य के विकास के साथ देश का भी विकास होगा ।

दिल्ली से देहरादून के लिए द्रुतगामी अविरल रेलगाड़ी का संचालन दिल्ली से आगरा तक 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली रेलगाड़ी की तर्ज पर दिल्ली से देहरादून के लिए रेल गाड़ी का संचालन किया जाए ।

इस रेलगाड़ी के संचालन से एक ओर जहां देश की राजधानी से आने वाले विशिट व्यक्तियों एवं तीर्थयात्रियों तथा उद्योग जगत से जुड़े हुए व्यक्तियों को उत्तरांचल आने के लिए रेल मार्ग से कम समय में ही अधिक देरी तय करने का अवसर प्राप्त होगा ।

देश के सुदूर दक्षिणवर्ती राज्य केरल के नागरिक भारी संख्या में देहरादून एवं इसके निकटवर्ती क्षेत्रों में विभिन्न ि वभगों-जनपदों आदि में कार्यरत है । विगत कई र्वाों से इनकी मांग रही है कि तिरुवनंतपुरम एवं देहरादून के बीच एक रेलगाड़ी संचालित की जाए । अतः उत्तरांचल में कार्यरत केरलवासियों की औचित्यपूर्ण मांग को दृटिगत रखते हुए कम से कम स्वर्ण जयन्ती एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से देहरादून तक बढ़ाने की स्वीकृति अविलम्ब प्रदान की जानी अपेक्षित है ।

बाजपुर रेलवे स्टेशन पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र खोलने की आवश्यकता है जिससे यहां की जनता का अमूल्य समय में बचत हो सके ।

काशीपुर रेलवे स्टेशन के पास पानी भर जाता है । जिस कारण रेलवे ट्रैक क्षितग्रस्त हो जाता है तथा यहां की जनता को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । इसलिए काशीपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर पानी के निकास के लिए नाले का निर्माण कराये जाने की अति आवश्यकता है, इस संबंध में विभाग द्वारा अनमानित लागत के बारे में माननीय रेल मंत्री महोदय को पूर्व में अवगत करा चुका हूं

महोदय, यह सत्य है कि देश भर के सुदूर स्थानों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए माननीय रेल मंत्री जी के लिए अनेक दबाव एवं समस्याएं हैं, परन्तु आपके माध्यम से मैं इस सदन को सूचित करना चाहता हूं कि उत्तरांचल राज्य में वहां की जनसंख्या से कई गुना पर्यटक, तीर्थ यात्री, प्रकृति प्रेमी , हिमालय प्रेमी, वन्य जन्तु प्रेमी, चलचित्र निर्माता, अनेक यात्री बारह मास भारतर्वा तथा विदेशों से आते हैं तथा उत्तरांचल राज्य का 65 प्रतिशत भूभाग वन एवं पर्वतीय क्षेत्र से आच्छादित है, जहां पर रेल पथ का निर्माण वर्तमान में संभव हो नहीं पाएगा । इन सभी बिन्दुओं और विशोताओं को दृटिगत रखते हुए इस माननीय सदन के समस्त सहयोग के साथ माननीय अध्यक्षजी के माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उ परोक्त बिन्दुओं को वर्तमान रेल बजट मांगों में सम्मिलित करने का कट करें । *

MR. CHAIRMAN: Now, Shripad Yesso Naik.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Yes, Mr. Shripad Yesso Naik, you can begin. That will not be recorded.

5

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : सभापति महोदय, मेरा आपसे नम्र निवेदन है कि मुझे अपनी पूरी बात रखने का मौका दें। गत साल मंत्री जी ने जो बजट पेश किया था, उसमें कई आश्वासन दिए थे, लेकिन इसकी पूर्ति जितनी होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई। मुझे पता है कि सब वायदे एक साथ पूरे नहीं हो सकते, इसलिए जो अतिआवश्यक काम हैं, उन्हें कम से कम पूरा करना चाहिए।

महोदय, आज जो कुछ मांगें मैं रखूंगा, उनकी पूर्ति मंत्री जी करेंगे, ऐसी अपेक्षा मैं करता हूं। मैं सबसे पहले माननीय लालू जी और दोनों राज्य मंत्रियों को धन्यवाद देता हूं कि आपने अभी-अभी मडगांव (गोवा) से मेंगलोर तक की एक नयी गाड़ी शुरू करके गोवा, मेंगलोर और केरल के लोगों के लिए राहत दे दी है। देश की आबादी बढ़ती जा रही है और इसके साथ-साथ यात्रियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए नयी ट्रेन और प्लेटफार्म बनाने की बहुत जरूरत है। इसमें मूलभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी करने की जरूरत है, इसलिए ये सब करने के लिए रेवेन्यू की भी आवश्यकता है। बिना टिकट यात्रा करने वालों के ऊपर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। आय में घाटे करने वाले सभी रास्ते बंद होने चाहिए।

महोदय, मैं एक उदाहरण दे रहा हूं कि जो रेलवे का स्क्रेप बेचा जाता है, उसमें वहां स्क्रेप के साथ-साथ अच्छा माल भी जाता है। यह माल लेने वाली टोलियां माफियां लोगों की होती हैं और उनकी सांठ-गांठ अधिकारियों के साथ होती है, ये सब बंद होना चाहिए। रेलवे में आय बढ़ सकती है। रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में ठीक से ध्यान नहीं दिया गया है। महिलाओं के साथ अत्याचार की बहुत घटनाएं हुई हैं, इसे रोकने के प्रयास निश्चित तौर पर होने चाहिए। मैं अपने संसदीय क्षेत्र और गोवा राज्य की मांगों पर थोड़ा निवेदन करना चाहता हूं। मेरा राज्य बहुत छोटा प्रदेश है। गोवा के लोगों ने कोंकण रेल शुरु करने के लिए पूरा सहयोग और योगदान भी दिया है, लेकिन उनकी छोटी-छोटी मांगें भी अब तक पूरी नहीं हुई cé[R85]। लोगों की भावनायें ऐसी बन गई हैं कि रेल मंत्रालय गोवा का उपयोग कॉरिडोर के रूप में कर रहा है। हमारी मांग है कि जिन लोगों ने गोवा की आजादी के लिये भाग लिया, उन स्वतंत्रता सेनानियों और सीनियर सिटिज़न्स, हैंडीकैप्स लोगों के लिये बुकिंग काऊंटर की व्यवस्था की जाये। अभी तक जितना बुकिंग काउंटर है, वहां डिफैंस वाले लोग टिकट लेने के लिये आते हैं और सारी वक्त उन्ही लोगों के लिये चला जाता है। गोवा स्टेशन पर जितनी दुकानें लगी हुई हैं, 85 प्रतिशत बाहर के लोग स्टाल लगाये बैठे हैं। इसका नतीजा यह है कि लोकल नवयुवक बेरोज़गार हो गये हैं। मेरी मांग है कि लोकल लोगों के लिये 100 प्रतिशत स्टाल दिये जाने चाहिये।

सभापति महोदय, कोंकण रेलवे बनाने. जाने के लिये जिन लोगों की जमीन ली गई, उन लोंगों को नौकरियां नहीं दी गई हैं। मेरी मांग है कि ऐसे लोगों को जल्दी से जल्दी नौकरी दी जाये। गोवा में पॉयलट प्रोजैक्ट के तौर पर स्काई बस की योजना है लेकिन यह अभी तक अधूरी पड़ी हुई है। इसके निश्चित रूप से पूरा किये जाने की जरूरत है। मेरे ख्याल से माननीय मंत्री जी इस योजना में रुचि रखते होंगे।

सभापति जी, गोवा का करमली स्टेशन सैंट्रली लोकेटेड है तथा गोवा की राजधानी पणजी से जुड़ा हुआ है। सभी टूरिस्ट डैस्टीनेशन्स इसके आस-पास हैं। ओल्ड गोवा के चर्च इसके पास हैं। यहां स्थिति यह है कि सारे सरकारी दफ्तर, पांचतारा होटल और बीचेज़ हैं जितने यात्री आते हैं, वे ट्रेनों से आते हैं लेकिन यहां सभी ट्रेनें नहीं रुकती हैं। यहां से मड़गांव 30-40 किलोमीटर दूर है जहां से यात्रियों को आना पड़ता है। इसलिये मेरी मांग है कि करमली में सभी ट्रेनों का स्टापेज दिया जाये। गत साल से यात्रियों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। इसलिये मुम्बई से गोवा आने के लिए एक नई गाड़ी चलाई जाये। कोंकण-कन्या एक नई ट्रेन 0111 और 0112 के बाद या पहले शुरु की जाये। गोवा से तीर्थ यात्री तिरुपति और चैन्ने में वालांकनी प्रार्थना स्थल पर जाते हैं लेकिन सीधी ट्रेन के अभाव में यात्रियों को तकलीफ होती है।. मेरी मांग है कि तिरुपति और चैन्ने जाने के लिए एक सीधी ट्रेन यहां से चलाई जाये। मुम्बई और गोवा में केरल के काफी लोग रहते हैं। केरल जाने के लिये रेल सुविधा नहीं के बराबर है मेरी मांग है कि मुम्बई से गोवा होते हुये केरल के लिये एक सुपर फास्ट ट्रेन चलाई जाये। इसके अलावा गोवा के भिवी स्टेशन पर मत्स्यगंधा एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज की काफी समय से मांग की जाती रही है। गोवा दुनिया का सब से बड़ा पर्यटक स्थल है जहां पर विदेशी पर्यटक अत्यधिक मात्रा में आते हैं। इसलिये मेरी मांग है कि मत्स्यगंधा एक्सप्रैस ट्रेन का स्टापेज भिवी दिया जाये। लोगों की भारी मांग है कि सिकन्दराबाद, बगलौर के लिये एक ट्रेन चलाई जाये ... *

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record. You can lay your speech on the Table of the House

***श्री श्रीपाद येसो नाईक :** गोवा में लिट्रेसी रेट 85 प्रतिशत है। पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी है। बेरोजगार ज्यादा है। मेरी मांग है कि गोवा में रेलवे कर्मचारी भर्ती कार्यालय की स्थापना की जाये और गोवा के नवयुवकों को सेवा का मौका दिया जाये। *

* Not Recorded.

…. This part of the speech was laid on the Table.

6

श्री नवीन जिन्दल (कुरुक्षेत्र) : सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने का मौका दिया। मैं रेल बजट का पुरजोर समर्थन करता हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने ऐतिहासिक रेल बजट प्रस्तुत किया है जो कि बहुत ही इनोवेटिव है और जिसे एक नये ढंग से रखा गया है। इससे रेल यात्रियों को बहुत फायदा होगा, उद्योग जगत को फायदा होगा। इसलिये सारे देश ने रेल बजट को सराहा है। न केवल यू.पी.ए. के घटक दलों ने बल्कि सभी पार्टियों ने इस बजट की सराहना की है।

सभापति महोदय, यह रेल बजट इस मायने में ऐतिहासिक है कि जहां तनख्वाहों में खर्चे बढ़े हैं, डीजल के दाम बढ़े हैं लेकिन फिर भी न तो न फ्रेट चार्जेज बढ़ाये गये और न ही रेल किराये बढ़ाये हैं। रेलवे ने पैसंजर्स के लिये एक नयी स्कीम रिजर्वेशन अपग्रेडेशन की निकाली है। अब यात्रियों को द्वितीय श्रेणी से उच्च श्रेणी में अपग्रेड कर दिया जायेगा। पहले रेलवे 9 करोड़ रुपया रोज़ाना यात्रियों को वापस कर रही थी, अब इससे न केवल रेल विभाग को फायदा होगा बल्कि यात्रियों को भी फायदा cÉäMÉÉ[RB86]।

22.00 hrs

रेलवे को इस बार जो 11000 करोड़ रुपये का सरप्लस रेवेन्यू हुआ है, वह ऐतिहासिक है और पहली बार हुआ है। मैं उम्मीद करता हूं कि लालू जी के नेतृत्व में हमारी रेल और तेज चलेगी। आज लोग कहने लगे हैं कि " लालू जी की रेल चलेगी, बिन पानी बिन तेल चलेगी।" रेलवे की अच्छी परफॉरमैन्स के लिए लालू जी और रेलवे के सभी कर्मचारी धन्यवाद के पात्र हैं। रेल मंत्रालय ने प्राइवेट सैक्टर को भी हर क्षेत्र में हिस्सेदारी दी है।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, it is now 10 p.m. and the extended time is over. If the House agrees, there are three more Members to speak and we can extend the time of the House by another 15 minutes.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes.

MR. CHAIRMAN : Thank you. Shri Naveen Jindal, you may continue the speech.

श्री नवीन जिन्दल : आज यूपीए सरकार और लालू जी के नेतृत्व में भारतीय रेल नई ऊंचाइयों को छू रही है। हमारा नैटवर्क बढ़ता जा रहा है और जिस तरह से प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप बढ़ रही है, मैं समझता हूं कि और तेज़ी से इसके अंदर सभी सेवाओं में सुधार होगा। जिस नई सोच के साथ इस बार बजट पेश किया गया, उसके तहत सैकड़ों रेलवे स्टेशन्स को मॉडल रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। उनमें अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे एटीएम मशीन और साइबर कैफे उपलब्ध कराए जाएंगे। रेलों की गति बढ़ाई जाएगी जिससे यात्रा का समय भी कम होगा।

श्री लालू प्रसाद : टाइमटेबल भी ठीक किया जाएगा।

श्री नवीन जिन्दल : जी हाँ, टाइमटेबल भी ठीक किया जाएगा। मैं कुछ सुझाव भी देना चाहूंगा। मैं कई देशों में घूमा हूं। एक यु वा होने के नाते मैं मंत्री जी के सामने अपने कुछ सुझाव रखना चाहूंगा।

अभी हमारी रेलवे में बहुत एक्सीडैन्ट्स होते हैं। मैं जानता हूं कि उनको रोकने के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं मगर इस दिशा में और प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। …(व्यवधान) मैं तो कभी कभी बोलता हूं। आप तो बहुत बोलते हैं। आप जब बोलते हैं तो हमने कभी आपको रोका नहीं है। मुझे तीन मिनट और दे दें। …(व्यवधान)

महोदय, हमें याद है कि बचपन से आज तक हम लोग रेल फाटक बंद होने पर 15 मिनट या आधा घंटा खड़े रहते हैं जबकि हम विदेशों में देखते हैं कि जहां फाटक होते हैं, वहां ट्रेन आने से केवल तीस सैकेन्ड पहले फाटक बंद होता है और ट्रेन जाने के तुरंत बाद खुल जाता है। हमारे यहां बहुत लंबी-लंबी कतारें सड़क पर लग जाती हैं। मैं जानता हूं कि आप बहुत सी जगहों पर ओवरब्रिज बना रहे हैं लेकिन हर जगह ओवरब्रिज बनाने में समय लगता है और खर्च भी ज्यादा होता है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि तब तक फाटकों को बंद रखने का समय कम कर दिया जाए। जब देर तक फाटक बंद रखते हैं तो लोग नीचे से निकलने लगते हैं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं। अगर सिर्फ एक-दो मिनट के लिए फाटक बंद होगा तो ओवरब्रिज की मांग भी कम होगी और दुर्घटनाएं भी कम होंगी।

रेल दुर्घटनाओं में मुआवज़ा देने के लिए जो ट्रिइब्यूनल है, उसमें कई बार मामलों को निपटाने में काफी समय लगता है। मैं मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि दुर्घटना से प्रभावित लोगों को जल्दी से जल्दी मुआवज़ा देने का प्रावधान किया जाए।

अब मैं धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। सभी जानते हैं कि भगवान श्रीकृण ने वहां अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। यह भगवान श्रीकृण की कर्मभूमि रही है। माननीय मंत्री जी से मैंने निवेदन किया था और उन्होंने स्वीकार किया था कि कुरुक्षेत्र को मॉडल स्टेशन बनाया जाएगा। यह ऐतिहासिक और धार्मिक दृटि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उसको मॉडल स्टेशन बनाया जाए और वहां पर एक बजट होटल बनाया जाए।

दिल्ली से अमृतसर एक शताब्दी एक्सप्रैस जाती है मगर वह कुरुक्षेत्र में नहीं रुकती। इसके अलावा एक और शताब्दी एक्सप्रैस कुरुक्षेत्र से होकर गुज़रती है। इन दोनों गाड़ियों को कुरुक्षेत्र में रोका जाए। इससे यहां आने वाले अनेक लोगों को फायदा होगा और कुरुक्षेत्र के लोग लालू जी के बहुत आभारी रहेंगे। पिछली बार मैंने प्रार्थना की थी कि यमुनानगर से लेकर कुरुक्षेत्र-पटियाला रेल लाइन को मंजूरी दी जाए। मैं मंत्री जी का आभारी हूं कि पिछली बार इसके लिए सर्वे अप्रूव किया गया था और इस बार सर्वे के लिए तीन-चार लाख रुपये दिये गये हैं[h87]।

इसके लिए मैं बहुत-बहुत आभारी हूं। मैं समझता हूं कि इस रेल लाइन के बनने से हमारे क्षेत्र को बहुत ज्यादा फायदा होगा। लालू जी के नेतृत्व के बाद रेलवे की स्थिति में बहुत फर्क पड़ा है। मैं उनका आभारी हूं कि खेलों के क्षेत्र में भी रेलवे के स्पोटर्स परसंस ने अंतरराट्रीय और राट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। यदि हम अपने रेलवे स्टेशनों को चाइना के साथ कम्पेयर करें तो जो लगेज आता है, वह एक्सरे द्वारा जांच होने के बाद आता है। हम भी लालू जी के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था करें तो, सुरक्षा की दृटि से बहुत फायदा होगा। मैं एक बिंदु और कहना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : You have so many points. You give it in writing.

श्री नवीन जिन्दल : महोदय, आपने तीन मिनट का समय दिया था। अभी एक मिनट ही हुआ है। अभी आधा घंटा बोलने वालों के लिए और है।

MR. CHAIRMAN: Please understand that you are putting me in trouble.

श्री नवीन जिन्दल : अंत में मैं यही कहना चाहूंगा कि रेलवे का भविय बहुत अच्छा है।

MR. CHAIRMAN: You came just now. We are here since morning. You came here to speak.

SHRI NAVEEN JINDAL : Sir, I am also here since morning. I went and came back thrice. हमारे प्र
ाधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में और श्रीमती सोनिया गांधी जी की अध्यक्षता में तथा लालू जी के नेतृत्व में हमारी रेल
वे का भविय बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी रेल ज्यादा तरक्की करेगी और नई ऊंचाइयों को छुएगी।

MR. CHAIRMAN: Shri Sukhdev Paswan, Please help by concluding early with all your vital points.

7

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले रेल बजट के संबंध में कहना चाहता हूं कि यह सही मायने में एक ऐतिहासिक कदम है। 11000 करोड़ रुपए का लाभांश रेलवे को मिला है, इसके लिए माननीय मंत्री जी और रेलवे के अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि सहरसा से मानसी रेल खंड और सहरसा से फारविसगंज रेल लाइन को दो खंड में लिया गया था। पहला खंड मानसी से सहरसा का माननीय रेल मंत्री ने उद्घाटन किया और ट्रेन भी चल रही है। दूसरा चरण बांकी, फारविसगंज से सहरसा के बीच है। माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि दूसरे खंड का कार्य भी जल्दी शुरू किया जाए। लगभग चार साल पूर्व जोगवनी-कठिहार बड़ी रेल लाइन का काम आरम्भ हुआ था और शिलान्यास के समय कहा था कि र्वा 2005 के मार्च महीने तक हम इस रेल लाइन का उद्घाटन कराएंगे, लेकिन संयोगवश र्वा 2006 चल रहा है और माननीय मंत्री जी का तीसरा रेल बजट है और काम लगभग पूरा हो गया है, लेकिन सिर्फ रेल की पटरी बिछाने के लिए पैसा दे दें तो काम अविलम्ब पूरा हो जाएगा। जोगवनी नेपाल की सीमा से सटा है और यहां बड़ी लाइन का काम पूरा हो जाएगा। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल के अधिकारी भी चाहते हैं कि यहां बड़ी लाइन हो जाए। मैं माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि अररिया से खवासपुर-गलगलिया तक नई रेल लाइन दी है, क्योंकि यह सीमावर्ती और अति पिछड़ा इलाका है। भारत और नेपाल की सीमा का इलाका है। नई रेल लाइन देने के लिए मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। सुपौल-अररिया का सर्वेक्षण कराया गया है और अभी तक इसमें आगे की कार्यवाही नहीं हो रही है और इसे बजट में नहीं लिया जा रहा है। मधेपुरा-त्रिवेणीगंज, कोरियापटी, चुन्नी, मिर्दोल, नरपतगंज, बथनाहा, जोग
वनी रेल खंड का सर्वेक्षण कराया गया है। इस पर काम अविलम्ब पूरा किया जाए।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब हम ट्रेन में चलते हैं राजधानी एक्सप्रेस या पेसेंजर ट्रेन में और कोई व्यक्ति एकदम ज्यादा बीमार हो जाता है तो घोाणा की जाती है कि आस-पास के डिब्बे में क्या कोई डाक्टर उपलब्ध है, जो उस बीमार व्यक्ति का इलाज कर सÉBÉEä[i88]।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि सभी ट्रेनों में कम से कम एक डॉक्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि चलती ट्रेन में यदि किसी की तबियत खराब हो, तो उसकी जांच हो सके।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि रेल में एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी वर्गों के रिक्त पदों का जो बैकलॉग, उसे वे अपने भााण में दिए गए आश्वासन के अनुसार अविलम्ब एक निश्चित समयावधि में शीघ्र भरने का काम करें।

महोदय, माननीय रेल मंत्री जी ने वही किया है जो सही मायने में होना चाहिए। बहुत से लोग हल्ला कर रहे थे कि बिहार में रेल मंत्री जी ने बहुत सारी योजनाएं दीं, ऐसी बात नहीं है। सही मायने में यदि देखा जाए, तो बिहार में जितना पिछड़ापन है, जितनी बदहाली है, उस अनुपात में जो बिहार को दिया गया है, वह कम है। इसलिए मैं आपके माध्यम से निश्चित रूप से कहना चाहूंगा कि रेल मंत्री जी ने जो काम किया है, वह बहुत ही अच्छा काम किया है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

8

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया और मुझे उम्मीद है कि आप मुझे अपनी पूरी बात कहने देंगे। देश की प्रमुख आवश्यकताओं की पूर्ति बड़े पैमाने पर करने के कारण भारतीय रेल को देश की जीवनरेखा भी माना जाता है। हमारे देश का आर्थिक, औद्योगिक और कृाि से संबंधित ि वकास बहुत हद तक भारतीय रेल के विकास पर निर्भर करता है और भारतीय रेल के विकास की जो योजनाएं हैं, वे 10वीं पंचवर्ाीय योजना के ढांचे के भीतर बनी हैं, जो 2002 से 2007 तक कायम रहने वाली हैं।

महोदय, मैं मत्री जी का 10वीं पंचवर्ाीय योजना के प्रमुख उद्देश्यों में से केवल दो उद्देश्यों की ओर ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं जिनमें से पहला है- स्वीकृत रेल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निवेश और दूसरा है गाड़ियों की औसत गति बढ़ाने हेतु उपलब्ध साधनों का प्रौद्योगिक उन्नयन। मैं बहुत विस्तार में न जाते हुए सीधे विाय पर आता हूं और कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में एक भी स्वीकृत परियोजना ऐसी नहीं है, जिसे पूर्ण करने का कोई सार्थक प्रयास या स्थिति रेल बजट में दिखाई दे रही हो। मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि सबसे अधिक पिछड़ा और महत्वपूर्ण क्षेत्र महाकोशल अंचल का जबलपुर-गोंदिया गेज परिवर्तन का काम है। एन.डी.ए. सरकार के शासनकाल में इस परियोजना का शुभारम्भ वर्ा 2002 में पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारम्भ किया गया और उस समय इस हेतु लगभग 109 करोड़ रुपए रखे गए थे। यह संपूर्ण परियोजना लगभग 511 करोड़ रुपए की है जिसमें 283 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन बननी है। मैं कहना चाहता हूं कि जब यू.पी.ए. की सरकार बनी, तो माननीय लालू प्रसाद जी ने इस काम के लिए मात्र 38 करोड़ और दूसरे वर्ा मात्र 25 करोड़, इस प्रकार कुल मिलाकर 63 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की।

महोदय, लालू प्रसाद जी हमेश बिहार के पिछड़ेपन की बात करते हैं और मैं इसे ठीक भी मानता हूं कि जो पिछड़े हुए क्षेत्र हैं, उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए, लेकिन लालू प्रसाद जी का ध्यान उन पिछड़े क्षेत्रों की तरफ भी जाना चाहिए जो

सदियों से पिछड़े हुए हैं। मैं जिस पिछड़े क्षेत्र की बात कर रहा हूं, उसकी आजादी के बाद से लगातार उपेक्षा होती आई है और जिस तरह से वह पहले पिछड़ा था, आज भी वह वैसे ही पिछड़ा हुआ है। मैं लालू जी का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं कि जब इस लाइन के गेज परिवर्तन का काम पूरा होगा, तब रेल यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

महोदय, मैं कह रहा था कि लालू प्रसाद जी को बिहार की चिन्ता रहती है और प्रदेशों की नहीं। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि यदि बिहार से किसी को हैदराबाद, चेन्नै, तिरुअनन्तपुरम या बंगलूर जाना है, तो इस गेज परिवर्तन के काम पूरा होने के बाद उसे 274 किलोमीटर कम घूमना पड़ेगा। इसलिए मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि यदि वे मध्य प्रदेश के हितों की एक बार चिन्ता न भी करें, तो कोई बात नहीं, लेकिन बिहार के हितों की तो चिन्ता करें। इस रेल लाइन के गेज परिवर्तन के काम के पूरा होने से सबसे ज्यादा फायदा बिहार के लोगों को दक्षिण भारत जाते समय मिलेगा और लगभग 274 किलोमीटर कम घूमना पड़ेगा। इसमें उनका समय एवं धन, दोनों की बचत होगी। इसलिए मेरा उनसे निवेदन है कि वे इस गेज परिवर्तन के काम को जल्दी से जल्दी पूरा करें[rpm89]।

श्री राकेश सिंह : माननीय सभापति महोदय, मुझे अपनी बात तो कहने दें।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Now, I give the floor to Shri Punnulal Mohale. He is the last speaker.

श्री राकेश सिंह : मैं कन्क्लूड तो नहीं कर सकता हूं, अब यही कर सकता हूं कि मैं अपना भााण ले कर देता हूं। कहने के लिए तो मेरे पास बहुत कुछ है। मुझे उम्मीद थी कि आखिर में बोलने का समय मिलेगा तो समय भी मिलेगा।

आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान दिया, मैं इस उम्मीद के साथ कि माननीय लालू जी से मैं अपनी जो डिमांड्स कर रहा हूं, ले कर रहा हूं, वे अवश्य पूरी करेंगे।

* मुझे रेल बजट पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिये जाने के लिए धन्यवाद ।

माननीय महोदय, अभी-अभी माननीय लालू यादव जी ने रेल बजट प्रस्तुत किया है । महोदय, देश की प्रमुख आवश्यकताओं की बड़े पैमाने पर पूर्ति करने के कारण भारतीय रेल को देश की जीवन रेखा भी कहा जाता है । इस देश का, किसी राज्य विशो का नहीं संपूर्ण देश का आर्थिक, औद्योगिक व कृाि से संबंधित विकास बहुत हद तक भारतीय रेल के विकास पर निर्भर है और भारतीय रेल की विकास योजनाएं राट्रीय पंचवर्ाीय योजनाओं के ढांचे के भीतर बनती है । यह दसवीं पंचवर्ाीय योजना है जो 2002 से 2007 तक चलेगी ।

माननीय महोदय, इस दसवीं पंचवर्ाीय योजना के प्रमुख उद्देश्यों की ओर मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं जिनमें से एक है - स्वीकृत रेल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निवेश और दूसरी है - गाड़ियों की औसत गति बढ़ाने परिसंपत्तियों का प्रौद्योगिकीय उन्नयन ।

….. This part of the speech was laid on the Table.

महोदय, ऐसा लगता है कि माननीय रेल मंत्री स्वयं तो इन उद्देश्यों से दूर जा ही रहे हैं और साथ में भारतीय रेल को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने नहीं दे रहे हैं । विशो रूप से मध्य प्रदेश के बारे में तो ऐसा ही है । लालू जी की विकास रेल बिहार से शुरू होकर बिहार पर ही खत्म हो रही है ।

महोदय, मैं पहले उद्देश्य की बात करता हूं, स्वीकृत रेल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निवेश -

मध्य प्रदेश में एक भी स्वीकृत परियोजना ऐसी नहीं है जिसे पूर्ण करने की कोई कोशिश इस बजट में दिखाई दे । उदाहरण के लिए मैं पूर्वी मध्य प्रदेश की सर्वाधिक महत्वपूर्ण महाकौशल अंचल में स्थित जबलपुर गोंदिया गेज परिवर्तन परियोजना की बात करता हूं ।

महोदय, एनडीए शासनकाल में 2002 में इस परियोजना का काम प्रारम्भ हुआ था । 285 किमी. लंबी तथा 511.86 करोड़ रूपये की इस अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना हेतु पूर्व प्रधानमंत्री

माननीय अटल जी की सरकार ने 2003-04 में 109.82 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की थी इसके पश्चात् केन्द्र में यूपीए की सरकार बनी । माननीय लालू जी रेल मंत्री बने और 2004-05 में लालू जी ने इस परियोजना को 38.06 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की तथा 2005-06 में मात्र 25.0 करोड़ रूपये की राशि इस परियोजना हेतु दी ।

महोदय, 2 वर्ाों में लालू जी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना हेतु कुल 63.06 करोड़ रूपये स्वीकृत किए । महोदय, लालू जी हमेशा बिहार के पिछड़ेपन की बात करते हैं और ठीक भी है जो पिछड़े क्षेत्र हैं उन्हें प्राथमिकता मिलना भी चाहिए, लेकिन लालू जी का ध्यान देश के अन्य पिछड़े और उपेक्षित क्षेत्रों की ओर क्यों नहीं जाता । ऐसे ही क्षेत्रों में से एक प्रमुख क्षेत्र है जबलपुर कटनी सहित महाकौशल क्षेत्र जिसकी आजादी के बाद से लगातार उपेक्षा हुई है । परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश का किसी समय सबसे प्रमुख शहर माना जाने वाला यह शहर व क्षेत्र आज अपने विकास की प्रतीक्षा में है और जबलपुर गोंदिया गेज परिवर्तन का यह कार्य इस क्षेत्र के विकास के दरवाजे खोल सकता है ।

महोदय, गेज परिवर्तन के इस कार्य की पूर्णता के पश्चात् पूर्व से दक्षिण की दूरी 274 किमी. कम हो जाएगी जिसका मतलब यह होगा कि बिहार और पटना, जिसकी चिंता माननीय लालू जी को हमेशा रहती है, से चाहे हैदराबाद जाना हो, चेन्नई जाना हो या बेंगलोर और तिरूअनंतपुरम जाना हो, बिहारवासियों और इस मार्ग पर यात्रा करने वालों को 274 किमी. की दूरी कम तय करनी होगी जिससे न सिर्फ 5 से 6 घंटे की यात्रा कम होगी, बल्कि किराया भी कम लगेगा ।

जबलपुर गोंदिया गेज परिवर्तन का कार्य जब भी पूर्ण होगा न सिर्फ इस पूरे क्षेत्र का औद्योगिक विकास होगा बल्कि खनिजों की प्रचुरता वाले इस क्षेत्र में खनिज उत्खनन को भी बढ़ावा मिलेगा ।

इस क्षेत्र में मेंगनीज, कापर, कोयला आदि खनिजों के साथ-साथ फारेस्ट प्राडक्ट्स भी बहुत अधिक है । जबलपुर और कटनी जिलों में उत्तम गुणवत्ता का संगमरमर भी बहुत अधिक मात्रा में निकल रहा है । गेज परिवर्तन हो जाने से इनके परिवहन में आसानी होगी । रेलवे का भी माल लदान काफी बढ़ेगा ।

महोदय, इस बार के आम बजट में पर्यटन को विशो महत्व दिया है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क जहां पूरे-पूरे देश में सर्वाधिक बाघ हैं, इसी मार्ग के निकट है, पेंच नेशनल पार्क व बांध वगढ़ नेशनल पार्क को भी इस परियोजना की पूर्णता से देशी व विदेशी पर्यटकों के आवागमन हेतु नया और बेहतर मार्ग उपलब्ध होगा ।

महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि इस परियोजना की पूर्णता से रेलवे को प्रत्यक्ष रूप से लगभग 300 करोड़ रूपये की सालाना आय होगी साथ में भारतीय रेल के विकास के लिए आवश्यक वैगन टर्न डाउन भी अच्छा हो सकेगा । अभी देश में एक वैगन 24 घंटे में अनुमानित 250 किमी. की दूरी तय करती है और पूरे देश में वैगन टर्न डाउन एवरेज 5 से

6 दिन है जो इस मार्ग पर 274 किमी. दूरी कम होने से 1 दिन कम होकर 4 से 5 दिन होगा और रेलवे को लाभ की दृटि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात होगी । प्रतिवर्श इस मार्ग पर वैगन टर्न डाउन कम होने से करोड़ों रूपये की बचत होगी ।

महोदय, एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य की ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट कराना चाहता हूं कि गोंदिया से बल्लारशाह गेज परिवर्तन का कार्य 1999 में पूर्ण हो चुका है जो 253 किमी. लंबा है जिस पर रेलवे का 400 करोड़ रूपया खर्च हुआ है, लेकिन इतना धन खर्च होने के बाद भी इस पूर्ण हो चुके मार्ग का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है । सन् 2002 में रेलवे कन्वेंशन कमेटी की रिपोर्ट में भी इस पर आपत्ति उठाई गई है कि इस मार्ग का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं हो पा रहा है और इसका सबसे बड़ा कारण है जबलपुर से गोंदिया के बीच का गेज परिवर्तन कार्य का न हो पाना ।

जब तक जबलपुर गोंदिया गेज परिवर्तन का कार्य पूर्ण नहीं होगा तब तक गोंदिया से बल्लारशहर मार्ग, जिसका गेज परिवर्तन का कार्य हो चुका है, का सही उपयोग नहीं हो सकता ।

महोदय, दसवीं पंचर्वीय योजना के दूसरे प्रमुख उद्देश्य गाड़ियों की औसत गति बढ़ाने के लिए भी इस कार्य की पूर्णता आ वश्यक है क्योंकि इटारसी बल्लारशाह मार्ग अत्यंत व्यस्त है । इस मार्ग का यूटिलाइजेशन अभी 160 प्रतिशत है जो अत्याधिक है और गाड़ियों की स्पीड को भी कम करता है और वैगन टर्न डाउन में लगने वाला समय भी बढ़ जाता है । जबलपुर गोंदिया ब्राडगेज कार्य पूर्ण होने से इटारसी बल्लारशाह मार्ग पर दबाव कम हो जाएगा और इस मार्ग पर नई गाड़ियां चलाई जा सकेंगी । माननीय सभापति महोदय, रेलवे को लाभ की दृटि से इससे अधिक लाभदायक गेज परिवर्तन उपरांत मिलने वाला मार्ग पूरे देश में और कोई नहीं हो सकता और भविय की दृटि से इतने अधिक लाभदायक कार्य की पूर्णता हेतु मात्र 57 करोड़ रूपये इस बजट में आवंटित किए गए हैं, जो बहुत कम है । मुझे विश्वास है कि माननीय मंत्री जी इसे और बढ़ाएंगे ।

इस कार्य की गति धीमी होने का एक और महत्वपूर्ण कारण है अभी इसकी कार्यपालन एजेंसी दक्षिण पूर्व मध्य रेल है जिसका मुख्यालय छत्तीसगढ़ स्थित बिलासपुर है । गेज परिवर्तन के कार्य में भूमि अधिग्रहण सहित अनेक कार्य ऐसे होते हैं जो प्रदेश के साथ समन्वय व चर्चा उपरांत ही होते हैं ऐसे में अन्य प्रदेश में स्थित एजेंसी को जिम्मेदारी देना निश्चित रूप से कार्य की गति को कम करेगा वह भी तब जब जबलपुर में ही पश्चिम मध्य रेल का मुख्यालय है यदि इसे कार्यपालन एजेंसी बनाया जाए तो कार्य की गति तीव्र होगी ।

मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने हमें जबलपुर से जम्मू तक सीधी ट्रेन देकर न सिर्फ जबलपुर कटनी बल्कि संपूर्ण महाकौशल की जनता की प्रमुख मांग को पूरा किया है । अभी 8 फरवरी, 2006 को जबलपुर में जो विशाल आंदोलन हुआ था उसमें ब्राडगेज के कार्य की पूर्णता के साथ-साथ जबलपुर से जम्मू तक सीधी ट्रेन की मांग भी शामिल थी और इन मांगों के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ जबलपुर शहर की जनता हजारों की संख्या में जिनमें बड़ी संख्या में महिलायें भी शामिल थीं, सड़कों पर उतर आये थे ।

आपने जबलर कोटा ट्रेन को जयपुर तक बढ़ाया इसके लिये भी मैं आपको धन्यवाद देता हूं लेकिन महोदय हमारी जो अन्य महत्वपूर्ण् मांगें हैं उनकी ओर भी मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं ।

जबलपुर से मुंबई होकर पूना के लिये सीधी ट्रेन प्रारंभ की जाये जो देश की औद्योगिक व आर्थिक राजधानी मुबई से जबलपुर कटनी को जोड़ सके ।

महोदय जबलपुर में ट्रिपल आई.टी. की स्थापना हो चुकी है । अतः बेंगलोर से जबलपुर को जोड़ने हेतु हैदराबाद या चेन्नई होकर सीधी ट्रेन चलाने की स्वीकृति प्रदान की जाये । जबलपुर में हजारों की कि संख्या में सिक्ख परिवार निवास करते हैं उनकी धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए माननीय मंत्री से अपेक्षा है कि जबलपुर को अमृतसर से जोड़ने हेतु मार्ग प्रशस्त करें ।

इटारसी जबलपुर कटनी के बीच रेल मार्ग का विद्युतीकरण का कार्य स्वीकृत करने का कट माननीय मंत्री जी करें ।

महोदय, जबलपुर से दमोह की दूरी लगभग 110 कि0 मी0 है लेकिन इस मार्ग पर रेल मार्ग उपलब्ध न होने से इस दूरी को तय करने कटनी से होकर दमोह तक का मार्ग समस्त रेलगाडियों को तय करना होता है जो लगभग 210 क0 मी0 है । अतः जबलपुर से दमोह के बीच रेल मार्ग उपलब्ध होने से इस मार्ग की सभी रेलगाड़ियों को 100 क0 मी0 की दूरी कम तय करना होगी । इसका स र्वे का कार्य भी पूर्ण हो चुका है इस कार्य को स्वीकृति प्रदान करने का कट मंत्री जी करें ।

जबलपुर से मंडला होकर बिलासपुर तक रेल मार्ग इस सम्पूण क्षैत्र व क्षेत्रीय आदिवासियों के विकास से जुड़ी हैं जिसका भी सर्वेक्षण कार्य हो चुका है । अतः इस हेतु बजट में प्रावधान किया जाये ।

जबलपुर से प्रारंभ होने वाली गाड़ियों के रख-रखाव व बोगियों की मरम्मत के लिये जबलपुर में ही कारखाने की स्थापना हो । पश्चिम मध्य रेल का किजोन मुख्यालय जबलपुर में ही है कमर्शियल, इंजीनियरिंग व एस0एन0टी0 विभाग से संबंधित स्टेशनरी आद की छपाई हेतु जबलपुर में कारखाना स्थापित किया जाये ।

महोदय, कटनी स्थित खिटहनी फाटक पर ओव्हर ब्रिज निर्माण के कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाये ।

महोदय, कटनी देश का एक महत्वपूर्ण् जंक्शन है । अतः इसके नवीनीकरण, आधुनिकीकरण हेतु कार्य प्रारभ कर इसे अत्याधुनिक स्टेशन का स्वरुप प्रदान करने का कट मंत्री जी करें ।

संगमरमर की चट्टानों हेतु विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल भेड़ाघाट पर पर्यटकों की सुविधा की दृटि से स्टेशन का सौंदर्यीकरण कर इसे सर्वसुविधायुक्त स्टेशन बनाने हेतु मंत्री जी बजट में शामिल करें ।

जबलपुर शहर की आबादी के दबाव को मुख्य स्टेशन पर कम करने, शहर के दूसरे छोर पर स्थित कछपुरा स्टेशन को हबीबगंज (भोपाल) की तर्ज पर विकसित करने बजट में प्रावधान मंत्री जी करने का कट करें ।

महोदय, जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं के अनुसार तीर्थस्थल कुंडलपुर को दमोह से जोड़ने रेल लाईन बिछाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये ।

मुझे विश्वास है कि माननीय मंत्री जी मेरी इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर इन्हें पूर्णता प्रदान करने आवश्यक कार्यवाही करेंगे ।

महोदय, आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया । इसके लिये मैं आपका आभारी

हूं *

MR. CHAIRMAN: Time has been extended till he completes his speech. He is the one hundred and sixth Member who will be taking part in the discussion on the Railway Budget. It means, no

less than one-fifth of the total number of Members of this House have participated in this discussion. Lalu ji, 106 Members have participated in the debate on the Railway Budget.

9

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद को मैं दे रहा हूं, रेल बजट के लिए धन्यवाद, मैं कर रहा हूं कुछ फरियाद, मेरी मांग को जरूर करेंगे आप याद।

छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर रेलवे जोन है और 16 जोनों में रेलवे 19 भर्ती बोर्ड हैं। बिलासपुर में मात्र एक ही ऐसा जोन है, जिसमें रेलवे भर्ती बोर्ड नहीं है। आपने आश्वासन दिया था कि आप इस मांग को जरूर पूरा करेंगे, मैं ऐसी आपसे आशा करता हूं। बिलासपुर से मंडला नई रेलव लाइन का 10 वर्षों से और अन्य अभी भी उसका पूरा सर्वे हो चुका है और सर्वे के बाद प्लानिंग कमीशन को आप भेजेंगे और स्वीकृत करेंगे, ऐसी मैं आपसे आशा करता हूं। जोनल हॉस्पिटल बिलासपुर में हॉस्पिटल को 100 बिस्तर से बढ़ाकर 200 बिस्तर में अपग्रेड करेंगे और मल्टी स्पेसिएलिटी हॉस्पिटल में अपग्रेड करके न्यूरो सर्जरी, किडनी, लीवर व हृदय एवं अन्य बीमारियों के आपरेशन तथा प्रत्यारोपण हेतु अपग्रेड करने का कट करेंगे, ऐसी मैं आपसे आशा करता हूं।

मैं कुछ मांगें ही और करना चाहूंगा, जो मेरे क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याएं हैं। चिरमरी से बिलासपुर पैसेंजर को रायपुर तक बढ़ाया जाये। बिलासपुर टिपरा फाटक रेलवे स्टेशन को ओवरब्रिज बनाने के लिए राशि दी जाये, जो स्वीकृत हो चुकी है। बिल्हा स्टेशन के पास रेलवे फाटक अंडरब्रिज बनाया जाये। चकरभाटा स्टेशन हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रैस का स्टापेज किया जाये। करगी रोड स्टेशन बिलासपुर पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था की जाये।

मैं निम्नलिखित और गाड़ियों के आगे बढ़ाने के लिए मांग करना चाहूंगा। दुर्ग से भोपाल अमरकंटक एक्सप्रैस को इन्दौर तक बढ़ाया जाये। बिलासपुर से इतवारी नागपुर ट्रेन को बडनेरा अमरावती तक बढ़ाया जाये। बिलासपुर से यशवन्तपुर गाड़ी जो हफ्ते में एक दिन चलती है, उसे तीन दिन तक बढ़ाया जाये। कोरबा से कोचीन गाड़ी हफ्ते में दो दिन चलती है, उसे पांच दिन तक बढ़ाया जाये। रायपुर से नागपुर इंटरसिटी एक्सप्रैस को बिलासपुर नागपुर किया जाये। दुर्ग से लखनऊ के लिए नई गाड़ी चलाई जाये। दुर्ग से निजामुद्दीन सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रैस, जो हफ्ते में दो दिन चलती है, उसे चार दिन किया जाये। दुर्ग कानपुर लखनऊ तक बढ़ाने का प्रस्ताव, जो महाप्रबन्धक द्वारा भेजा गया है, उसे पूरा नहीं किया गया है, उसे पूरा किया जाये। बिलासपुर यशवन्तपुर छत्तीसगढ़ को आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है, जो सप्ताह में मात्र दो दिन चलती है, उसे दो दिन की जगह तीन दिन के प्रस्ताव को स्वीकार किया जाये। गत वर्ा पुरी निजामुद्दीन एक्सप्रैस को हरिद्वार तक भुवनेश्वर, बिलासपुर, हीराकुण्ड को विशाखापटनम तक बढ़ाने के कारण छत्तीसगढ़ के रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा क्षेत्र से दिल्ली जाने के लिए इन ट्रेनों में स्थान मिलना कठिन हो गया है। गोंडवाना एक्सप्रैस को पहले से ही दुर्ग, रायपुर में रुकने के कारण फुल चलती है। इस कारण ही जोन से दुर्ग ट्रेन को निजामुद्दीन तक बढ़ाया जाये। सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रैस को दो दिन से चार दिन किया जाये। बिलासपुर कटनी फास्ट पैसेंजर को जम्मू तवी वाया कटनी कानपुर मुरादाबाद किया जाये। दुर्ग जोधपुर एक्सप्रैस को वाया कटनी कोटा जयपुर किया जाये। बिलासपुर से त्रिवेन्द्रम वाया नागपुर कल्याण गोवा चलती है, वर्तमान में भारी भीड़ के कारण उसे दुर्ग तक बढ़ाया जाये। विश्रामपुर से दुर्ग तक इण्टरसिटी एक्सप्रैस चलाई जाये।

मैं इन सब मांगों को रखकर माननीय रेल मंत्री जी लालू, अब हमारे यहां बहुत सी मांगों को कर देंगे चालू, हमारी बात को मत करेंगे बालू, यही मांग करते हैं रेल मंत्री जी लालू।

MR. CHAIRMAN : There will be no 'Zero Hour' today. The hon. Minister of Railways will reply to the debate tomorrow.

… (*Interruptions*)

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, मैं एक छोटी सी कविता सुनाना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN: All right. You recite your poem.

श्री राम कृपाल यादव : दुनिया जलती है तो जलती रहे और लालू की गाड़ी चलती रहे। कोई रोक नहीं सकता है लालू की गाड़ी, जब चली है तो चलती रहेगी। देश के हर कोने में लालू जी की गाड़ी जाएगी और सफलतापूर्वक जाएगी।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. on Friday, March 3, 2006.

<u>22.21 hrs.</u>

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r90] *Friday, March 3, 2006/Phalguna 12, 1927 (Saka).*

[snb1]Fld by e1.e

[bru2]Fd. By f

[r3]contd. by g1

[i4]Fd. By h

[R5]fld by h1

[c6]Cd by j1

[lh7]Cd. by k1

[r8] Cd by l1

[R9]cd. by n

[reporter10]Contd by O

[R11]Cd by p1.e

[KMR12]cd by q1

[MSOffice13] cd by s1

[R14](cd. by s1)

[KD15]Ctd by t1.e

[R16]Cd U

[h17]Cd by w1

[i18]cd by x1

[i19]cd by x1

[r20]contd. by A2

[mks21]cd. by b2.

[r22] Cd by c2

[R23]cd by d2

[lh24]cd, by h2

[m25]ctd. by j2

[R26]cd. by k2.e

[R27]l2cd

[RB28]

[h29]cd by n2

[i30]cd by o2

[KMR31]Cd by p2

[i32]Cd. by q2

[c33]cd by r2

[R34]cd by s2

[r35]

[r36] cd by t2

[R37]ctd by u2

[R38]cd. by w2

[r39]cd by X2

[c40]cont by y2.h

[r41]contd. by Z2

[mks42]cd. by a3.

[R43](fd. by b3)

[R44]C3cd

[RB45]Cd. By d3

[h46]cd by e3

[m47]Ctd. by g3

[R48]fd. by h3.e

[ak49]Cd.. by l3

[r50] Cd by l3

[R51]cd. by n3

[r52]cd by O3

[c53]cont by p3.h

[R54]cd q3

[MSOffice55] cd by r3

[R56](Smt. Ranjit Ranjan cd.)

[R57](cd. by s3)

[r58]cd. By t3

[i59]Cd by x3

[rpm60](Cd.by y3)

[i61]cd. by z3

[k62](Shrimati Susmita Bauri spoke in BENGALI)

(Cd. by a4)

[R63]ctd by d4

[R64]cd. by e4

[c65]cont by f4.h

[reporter66]Contd by G4

[ak67]cd.. by H4

[R68](cd. by j4)

[R69]k4cd

[RB70]Cd. By l4

[h71]cd by m4

[KD72]Ctd by o4.e

[R73]Contd O4

[R74]cd. by 'p4'

[c75]cd by q4

[snb76]Contd. By r4.e

[bru77]Reddy-cd.

[bru78]Cd. By s4

[R79]ctd by t4

[mks80]Cd. by u4.

[R81]cd by w1

[R82]cd x4

[MSOffice83] cd by y4

[lh84]Fd. By z4

[R85]A5cd

[RB86]Cd. By b5

[h87]cd by c5

[i88]cd by d5

[rpm89](Cd..by e5

[r90] Friday, March 10, 2000/Phalguna 20, 1921 (Saka).